शर्मा हार्डওয়্যার
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 11 | अंक : 169 | गुवाहाटी | रविवार, 19 जनवरी, 2025 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

पाकिस्तान के राजनीतिक शरीर को खा रहा आतंकवाद का कैंसर : जयशंकर पेज 2
असम कोयला खदान दुर्घटना के सिलसिले में तीन और गिरफ्तार : पुलिस पेज 3
पूरे देश में जातिगत जनगणना होनी चाहिए : राहुल गांधी पेज 5
जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी भारत की चैंपियंस ट्रॉफी टीम में शामिल, सिराज बाहर पेज 7

## एडवांटेज असम 2.0 : सीएम शर्मा के कैबिनेट मंत्री निवेशकों को आकर्षित करने के लिए आगे आए

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा 25-26 फरवरी को होने वाले बहुप्रतीक्षित *एडवांटेज असम 2.0: निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन* से पहले राज्य को वैश्विक निवेश मानचित्र पर लाने के महत्वाकांक्षी मिशन पर हैं। शर्मा एक उच्चस्तरीय सरकारी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए, चल रहे असम सप्ताह समारोह के दौरान एक व्यापक रोड शो के भाग के रूप में जापान और दक्षिण कोरिया की यात्रा पर गए हैं। टोक्यो में भारतीय दूतावासों द्वारा आयोजित इस रोड शो का उद्देश्य असम की समृद्ध विरासत और भारत में एक प्रमुख निवेश गंतव्य बनने की इसकी क्षमता को प्रदर्शित करना है। उनके 25 जनवरी तक द्वीपीय देश में रहने की उम्मीद है। आज की यात्रा से दो दिन पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि भारतीय दूतावास राज्य की समृद्ध विरासत और शिक्षा, उद्योग, सुरक्षा और कृषि में ठोस प्रयासों के साथ भारत में एक अग्रणी राज्य बनने की हमारी क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए असम सप्ताह मना रहे हैं। मुख्यमंत्री आने वाले दिनों में सिंगापुर की यात्रा पर भी जाएंगे, इससे पहले वे शिखर सम्मेलन के लिए वैश्विक रुचि जुटाने हेतु दिसंबर 2024 में भूटान का दौरा कर चुके हैं। निवेश आकर्षित करने के लिए मंत्रिमंडल की प्रतिबद्धता वरिष्ठ मंत्रियों की व्यापक अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी में भी परिलक्षित होती है। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री बिमल बोरा इस समय असम की विकास गाथा को प्रचारित



करने के लिए एक रोड शो आयोजित करने हेतु यूनाइटेड किंगडम में हैं। शनिवार को बोरा ने एक अग्रणी प्राकृतिक संसाधन समूह के अध्यक्ष और संस्थापक अनिल अग्रवाल से मुलाकात कर असम के संसाधन प्रबंधन और सतत विकास में संभावित सहयोग पर चर्चा की। इस बीच, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन मंत्री केशव महंत मलेशिया और थाईलैंड के राजनयिक मिशन पर थे। मलेशिया में सफल रोड शो के बाद, महंत ने अग्रणी कॉर्पोरेट अधिकारियों, संभावित निवेशकों और उद्योग संगठनों की आशाजनक भागीदारी पर विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विनिर्माण, सेमीकंडक्टर उत्पादन, हरित ऊर्जा, बुनियादी ढांचा, पर्यटन और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों ने महत्वपूर्ण रुचि दिखाई। महंत ने थाईलैंड में अपना संपर्क अभियान जारी रखा, जहां उन्होंने उद्योग जगत के नेताओं से मुलाकात की और उन्हें आगामी शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित -शेष पृष्ठ दो पर

## डीआईपीआर के निदेशक मानवेंद्र देबरॉय के साथ 17 एपीएस बने आईपीएस अधिकारी



**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार असम पुलिस सेवा (एपीएस) के 17 पुलिस अधीक्षकों को असम-मेघालय केडर के अंतर्गत भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के लिए नामित करते हुए मंजूरी दे दी गई है। इनमें सन 2019 की चयनित सूची में एपीएस अधिकारी जयश्री खेरसा, डेविड नीतम व मुग्धज्योति देव महंत शामिल हैं। सन 2020 की चयनित सूची में एपीएस अधिकारी बेदांत माधव राजखोवा, सन 2021 की चयनित सूची में एपीएस अधिकारी गौतम बोरा, रंजन भुइयां, प्रणवज्योति गोस्वामी, अमृत भुइयां, सुधाकर सिंह व राजेन सिंह, सन 2022 की चयनित सूची में एपीएस अधिकारी सुबोध कुमार सोनोवाल, मुसलह उद्दीन अहमद, मिहिरजीत गायन, सन 2023 की चयनित सूची में हरेकृष्ण नाथ, -शेष पृष्ठ दो पर

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

### सुप्रभात

*निम्न अनुष्ठानों (भूमि, धन-व्यापारउधोग-धंधों) से आय के साधन भी बड़ते हैं।*
– आचार्य चाणक्य

## खेत में पलटी स्कूल बस, एक छात्रा की मौत, 15 घायल



**डिमा हसाउ।** असम के डिमा हसाउ जिले में शनिवार सुबह एक भीषण बस दुर्घटना में एक युवा छात्र की मौत हो गई और कम से कम 15 अन्य घायल हो गए। निजी बस 25 स्कूली बच्चों को लेकर जा रही थी, तभी उमरांग्सू इलाके में एक सीमेंट फैक्ट्री के पास यह सड़क से उतरकर खेत में जा गिरी। बस तीन स्कूलों के छात्रों को लेकर जा रही थी: सेक्रेड हार्ट स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर और गरमपानी हाई स्कूल। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना तब हुई जब उमरांग्सू के 19-किलो इलाके में एक तीखे मोड़ पर चालक ने नियंत्रण खो दिया। डिमा हसाउ के पुलिस अधीक्षक मयंक कुमार झा ने बताया कि उमरांग्सू के 19 किलो क्षेत्र में एक तीव्र मोड़ पर बस ने नियंत्रण खो दिया। स्थानीय निवासियों ने तुरंत पुलिस के साथ मिलकर फंसे हुए छात्रों को बचाया। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से दो छात्रों की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुखद बात यह है कि 9 वर्षीय लड़की, जिसकी पहचान दलमीर रोंगपी के रूप में हुई है, सेक्रेड हार्ट स्कूल की कक्षा 3 की छात्रा थी, उसकी मौत हो गई। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। गंभीर रूप से घायल दो छात्रों को विशेष उपचार के लिए होजई के हाजी अब्दुल मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। झा ने बताया कि डॉक्टरों ने 9 वर्षीय लड़की को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो अन्य की हालत गंभीर है। बाकी को मामूली चोटें आईं और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अधिकारियों ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। हालांकि, तत्काल प्राथमिकता घायलों को बचाना और उनका इलाज करना है, लेकिन स्कूल परिवहन के लिए सुरक्षा उपायों के बारे में सवाल सबसे आगे आ गए हैं। झा ने जोर देकर कहा कि हम दुर्घटना के कारण की जांच कर रहे हैं, लेकिन प्राथमिकता छात्रों को बचाने की है। घायल छात्रों के परिवार के सदस्य शनिवार की सुबह अस्पताल में एकत्र हुए और स्कूल परिवहन के लिए जवाबदेही और सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल की मांग की। स्कूल जाते समय अपने बच्चों के सामने आने वाले खतरों को लेकर अभिभावकों में गुस्सा और चिंता बढ़ रही है। स्कूल प्रशासन ने अभी तक इस घटना के बारे में कोई बयान जारी नहीं किया है।

## मालदा में सीमा पर झड़प, बीएसएफ ने दागे आंसू गैस के गोले

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से सटे बांग्लादेश की सुखदेवपुर सीमा पर शनिवार को उस समय तनाव पैदा हो गया, जब कुछ लोग बांग्लादेश की सीमा पार कर भारत की ओर घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे। सुखदेवपुर के निवासियों ने बांग्लादेशी नागरिकों का पीछा किया। तभी दूसरी तरफ से पत्थर फेंके जाने लगे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बीएसएफ ने आंसू गैस के गोले दागे। बांग्लादेशी नागरिक पीछा -शेष पृष्ठ दो पर

## उमरांग्सू त्रासदी के बाद राज्य में 13 अवैध रैट-होल खदानें बंद

**गुवाहाटी।** उमरांग्सू में हुए दुखद कोयला खदान हादसे के बाद असम में अधिकारियों ने शनिवार को त्वरित कार्रवाई करते हुए तिनसुकिया जिले में स्थित नामदांग कोलियरी के बिट्टू पहाड़ क्षेत्र में 13 अवैध रैट-होल खदानों को बंद कर दिया। इस कार्रवाई का नेतृत्व करने वाले अधिकारियों में मार्गेरिटा उप-विभागीय कार्यकारी मजिस्ट्रेट प्रीतम गोगोई, तिनसुकिया के पुलिस अधीक्षक अभिजीत गुरव, तथा नॉर्थ ईस्टर्न कोलफील्ड्स और असम पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रतिनिधि शामिल थे।



अभियान के दौरान पुलिस ने तीन खनिकों को हिरासत में लिया जो अवैध खदानों से सक्रिय रूप से कोयला निकालते पाए गए। अधिकारियों ने खदानों को बिजली आपूर्ति करने वाले अवैध विद्युत कनेक्शनों को भी नष्ट कर दिया तथा खनन प्रक्रिया में उपयोग किए जा रहे विभिन्न विद्युत उपकरणों को भी जब्त कर लिया। कार्यकारी मजिस्ट्रेट प्रीतम गोगोई ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए कहा कि रैट-होल वाली खदानों से कोयला निकालते समय तीन खनिकों को रंगे हाथों पकड़ा -शेष पृष्ठ दो पर

### न्यूज गैलरी

## ईरान में एक व्यक्ति ने गोली मारकर दो न्यायाधीशों की हत्या की

**तेहरान।** ईरान की राजधानी तेहरान में शनिवार को एक व्यक्ति ने दो प्रमुख कट्टरपंथी न्यायाधीशों की गोली मारकर हत्या कर दी। सरकारी मीडिया की खबर से यह जानकारी मिली। देश में न्यायपालिका पर यह दुर्लभ हमला है। सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि -शेष पृष्ठ दो पर

## बिहार में इंडिया गठबंधन ही लड़ेगा चुनाव : राहुल

**पटना।** लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार राहुल गांधी आज बिहार पहुंचे थे। राहुल गांधी ने जहां संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित किया वहीं कांग्रेस मुख्यालय में पहुंचकर चुनावी साल में अपने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देने के साथ उत्साह भी बढ़ाया। तेजस्वी यादव ने भले ही इंडिया गठबंधन को लोकसभा चुनाव तक सीमित रहने का बयान दिया था, -शेष पृष्ठ दो पर

## मुख्यमंत्री ने राज्य के राजस्व में 50 प्रतिशत की वृद्धि की सराहना की



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने राज्य की आर्थिक वृद्धि के संबंध में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साझा करते हुए घोषणा की कि 2016 में राज्य में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से राजस्व में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शर्मा ने आंतरिक राजस्व स्रोतों को मजबूत करने के प्रयासों की सफलता पर जोर देते हुए कहा कि हमारा विकास अब राज्य के अपने राजस्व से संचालित हो रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सतत राजस्व सृजन रणनीतियों के माध्यम से आर्थिक वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने पर अपना ध्यान केंद्रित करना जारी -शेष पृष्ठ दो पर

## आरजी कर कांड : संजय रॉय दोषी करार, सजा का एलान कल

**कोलकाता।** सियालदह सिविल और क्रिमिनल कोर्ट ने आज आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में महिला प्रशिक्षु डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में फैसला सुनाया। इस मामले के मुख्य आरोपी संजय रॉय को अदालत ने दोषी करार दे दिया। फैसला दोपहर के 2:30 बजे कोर्टरूम 210 में सुनाया गया। आरोपी संजय रॉय ने अदालत में दावा किया कि उसे फंसाया गया है। न्यायाधीश ने कहा कि




उसे सोमवार को अदालत में बोलने का मौका दिया जाएगा। अदालत सोमवार को सजा सुनाएगी। संजय रॉय को भारतीय न्याय संहिता की धारा 64, 66 और 103(1) के तहत दुष्कर्म और हत्या का दोषी पाया गया। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास की अदालत में 11 नवंबर को मामले की सुनवाई शुरू हुई थी। कोर्ट के निर्देश पर इस मामले की जांच -शेष पृष्ठ दो पर

## स्वामित्व योजना से गांव और गरीब होंगे सशक्त : पीएम




**भोपाल (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि स्वामित्व योजना से गांव और गरीब सशक्त होंगे और विकसित भारत का सफर सुहाना होगा। भारत में पिछले लगभग पांच वर्ष में डेढ़ करोड़ ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का स्वामित्व पत्र (प्रॉपर्टी कार्ड) दिया गया है। आज 65 लाख से अधिक हितग्राहियों को प्रॉपर्टी कार्ड दिया जा रहा है। इस प्रकार देश के लगभग सवा दो करोड़ ग्रामीणों को उनके घर का पक्का कानूनी दस्तावेज मिला है। भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए आज का दिन बहुत ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री -शेष पृष्ठ दो पर

## महाकुंभ में आकर्षण का केंद्र बने टाइमिंग बाबा

**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ 2025 : कलाई में घड़ी तो अधिकांश लोग पहनते हैं। घड़ियां साधारण या महंगी हो सकती हैं लेकिन धूनी रमाए और वैराग्य ले चुके *बड़े बाबा* की बात कुछ अनोखी है। बड़े बाबा दोनों कलाई और पैरों में भी घड़ी पहनते हैं, वह भी एक-एक नहीं बल्कि 10-12 घड़ियां। इन्हें लोग कहने लगे हैं टाइमिंग बाबा। महाकुंभ में आए हैं टाइमिंग बाबा, बनते जा रहे हैं आकर्षण का केंद्र। इनकी एक विशेषता और है। तीन बार भारत भ्रमण कर चुके हैं। साथ में रहते हैं इनके सहायक छोटे बाबा। टाइमिंग बाबा अपना मूल नाम बड़े बाबा बताते हैं। हर-हर महादेव के आदान प्रदान से बात शुरू हुई तो बाबा ने अपना ध्येय बताया। कहा कि भारत भ्रमण करते रहते हैं, लोगों को सद्मार्ग पर



चलने की प्रेरणा देते हैं और बताते हैं कि समय कीमती है, इसे बर्बाद न करें। इतनी अधिक घड़ी पहनने का कारण पूछने पर बताया कि भक्त दक्षिणा में जो भी दे देते हैं उसे स्वीकार कर लेते हैं। यह सभी घड़ियां दक्षिणा स्वरूप मिली हैं, कार के संबंध में बताया कि इसे भी मप्र के एक भक्त ने दक्षिणा में दिया है। बाबा की पहनी हुई सभी घड़ियां चालू हालत में रहीं। दो-दो घड़ियां उन्होंने दोनों पैर में पहन रखी थी और पांच-पांच घड़ियां दोनों हाथ में। उलझन नहीं होती बाबा? यह प्रश्न करने पर हंसते हुए कहा कि यह उलझन -शेष पृष्ठ दो पर

## इजराइल-हमास युद्धविराम समझौता आज से लागू

**काहिरा।** हमास और इजराइल युद्धविराम समझौता रविवार सुबह 8.30 बजे से लागू हो जाएगा। कतर के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। कतर के विदेश मंत्री माजिद अल-अंसारी ने *एक्स* पर एक पोस्ट में बताया कि युद्धविराम समझौता रविवार को सुबह 8:30 बजे से लागू हो जाएगा। उन्होंने लोगों को सावधानी बरतने व अधिकारियों के निर्देशों की प्रतीक्षा करने की सलाह दी। इजराइली मंत्रिमंडल ने शनिवार सुबह गाजा में युद्ध विराम समझौते को मंजूरी दे -शेष पृष्ठ दो पर

## भारत में हर चौथी दवा नकली एसोचैम की रिपोर्ट का खुलासा

**नई दिल्ली।** एसोचैम की रिपोर्ट मेंचैंकाने वाला खुलासा हुआ है। भारत में हर चौथी दवा नकली या घटिया है। इन दवाओं में सक्रिय साल्ट या तो मौजूद नहीं होता या बेहद कम मात्रा में होता है, जिससे मरीज की बीमारी ठीक होने के बजाय बिगड़ने लगती है। नकली दवाओं का यह कारोबार मरीजों की जान को जोखिम में डाल रहा है और इसका वार्षिक कारोबार 352 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, नकली दवाओं का वैश्विक कारोबार करीब 16,60,000 करोड़ रुपए का है। इन दवाओं का 67 प्रतिशत हिस्सा जीवन के लिए खतरनाक होता है। वहीं, भारतीय बाजार में नकली और घटिया दवाओं का सालाना कारोबार 352 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। एसोचैम की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 25 प्रतिशत दवाएं नकली या घटिया गुणवत्ता की हैं, जिससे मरीजों की हालत बिगड़ने का खतरा बढ़ जाता है। पिछले साल तेलंगाना में ड्रग कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन की छापेमारी के -शेष पृष्ठ दो पर



**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

## ड्रग्स सप्लायर गिरफ्तार

**दधिण सालमारा ( हिंस )।** जिले के मानकाचर थाना क्षेत्र के जोरडांगा बर्मन गांव में पुलिस ने ड्रग्स विरोधी अभियान चलाया और 20 बोतल नशे की कफ सिरप बरामद की। सप्लायर की पहचान नसीब मियां के रूप में हुई है।

# पाकिस्तान के राजनीतिक शरीर को खा रहा आतंकवाद का कैंसर : जयशंकर

**मुंबई।** भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा है कि आतंकवाद का कैंसर अब पाकिस्तान के राजनीतिक शरीर को खा रहा है। पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंधों में बात करते हुए, उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ संबंध अपवाद बने हुए हैं क्योंकि पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देता है। इस दौरान उन्होंने श्रीलंका के प्रति भारत की मदद और म्यांमार और अफगानिस्तान के साथ देश के संबंधों के बारे में भी बातचीत। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शनिवार को 19वें नानी ए. पालकीवाला मेमोरियल लेक्चर के दौरान भारत के पड़ोस में चुनौतियों के बारे में बोलते हुए कहा कि भारत की चुनौती विभाजन के बाद पड़ोस का पुनर्निर्माण करना रहा है। यह अब उदार और गैर-पारस्परिक दृष्टिकोण, ऊर्जा, रेल और सड़क संपर्क को वित्तपोषित और समर्थन, व्यापार और निवेश का विस्तार और आदान-प्रदान और संपर्कों को तेज करने के माध्यम से ऐसा कर रहा है। हाल के इतिहास के उदाहरणों का हवाला देते हुए उन्होंने ने कहा कि संकट के समय में, चाहे वह महामारी हो या आर्थिक मंदी, भारत ने वास्तव में अपने छोटे पड़ोसियों के लिए, एक बीमा के रूप में काम किया है। श्रीलंका ने 2023 में यह पाया जब भारत ने चार बिलियन अमेरिकी डालर से अधिक का पैकेज तैयार किया, जबकि बाकी दुनिया ने ऐसा नहीं किया। यह भी एक वास्तविकता है कि राजनीतिक घटनाक्रम जटिल परिस्थितियों को जन्म दे सकते हैं जैसा कि हम वर्तमान में बांग्लादेश में देख रहे हैं। निकट सहयोग और संपर्कों का उद्देश्य वास्तव में दिन के अंत में ऐसी आकस्मिकताओं को संबोधित करना है। यह हितों की पारस्परिकता है जिस पर भरोसा किया जाना चाहिए। पाकिस्तान के बारे में बोलते हुए, जयशंकर ने टिप्पणी की कि सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन के मद्देनजर पाकिस्तान हमारे पड़ोस में अपवाद बना हुआ है, और यह कैंसर अब उसकी अपनी राजनीतिक संरचना को खा रहा है। भारत के अन्य दो पड़ोसियों, म्यांमार और अफगानिस्तान के बारे में बोलते हुए, जयशंकर ने कहा कि भारत में हमारे दोनों समाजों के साथ लंबे समय से लोगों के बीच संबंध हैं और हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि जो लोग अधिक निकट हैं उनके हित दूर के अन्य लोगों से काफी अलग हैं। इससे पहले, विदेश मंत्री ने भारतीय विदेश नीति के दायरे में शामिल क्षेत्रों के व्यापक विस्तार के बारे में बात की और पिछले दशक में कूटनीति के प्रति भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। *बाजार साधनों और वित्तीय संस्थानों के शस्त्रीकरण* के कारण दुनिया के सामने आने वाली चुनौती पर प्रकाश डालते हुए, जयशंकर ने कहा कि भारत के लिए चुनौती ऐसी अप्रत्याशित परिस्थितियों में अपना उत्थान करना है। ऐसा करने के लिए उसे अपने आंतरिक विकास और आधुनिकीकरण दोनों को तेज करना होगा और साथ ही अपने बाहरी जोखिम को कम करना होगा। घरेलू स्तर पर यह राजनीतिक स्थिरता, व्यापक-आधारित और समावेशी विकास और निरंतर सुधारों के माध्यम से सबसे अच्छा किया जा सकता है। इसका मतलब है विनिर्माण, खाद्य और स्वास्थ्य सुरक्षा पर अधिक ध्यान देना और साथ ही गहरी ताकत का निर्माण करना जो हमें अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगा। विदेश मंत्री ने टिप्पणी की कि भारत भले ही गैर-पश्चिम हो, लेकिन इसके रणनीतिक हित यह सुनिश्चित करते हैं कि यह पश्चिम विरोधी न हो।

## पॉबितोरा अभयारण्य में जलपक्षी गणना आयोजित

**मोरीगांव ( हिंस )।** पॉबितोरा अभयारण्य प्राधिकरण के तत्वावधान में तथा अरण्यक संगठन के सहयोग से शनिवार को जलपक्षी गणना शुरू हुई। सुबह 8 बजे से शुरू हुई इस प्रक्रिया में वन विभाग के 8 क्षेत्रीय अधिकारियों के नेतृत्व में 10 टीमों में बंटकर गणना की जा रही है। कई पक्षी विशेषज्ञ भी इस प्रक्रिया में शामिल हैं। पहले की तुलना में पॉबितोरा में जलपक्षियों की संख्या में कमी की बात कही जा रही है। हालांकि, इस बार इनकी संख्या बढ़ी है या घटी, इसका अंतिम परिणाम आना अभी बाकी है। हर साल सात समुद्र और तेरह नदियों के पार से हजारों जलपक्षी पॉबितोरा के बिल (झील), खाल और जलाशयों में आते हैं। यह गणना जलपक्षियों की स्थिति का आकलन करने में सहायक होगी।

## अगले पांच साल में भारत का वाहन उद्योग दुनिया में पहले स्थान पर होगा : गडकरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वाहन उद्योग में अब तक सर्वाधिक 4.5 करोड़ रोजगार पैदा होने का जिक्र करते हुए शनिवार को कहा कि भारत का वाहन उद्योग अगले पांच साल में दुनिया में पहले स्थान पर होगा। गडकरी ने यहां वाहन डीलरों के निकाय *फाडा* के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय वाहनों की मांग वैश्विक स्तर पर बहुत अधिक है। उन्होंने कहा कि भारतीय वाहन उद्योग का आकार अब 22 लाख करोड़ रुपए का है। मुझे पूरा विश्वास है कि पांच साल के भीतर भारतीय वाहन उद्योग दुनिया में नंबर एक बन जाएगा। वर्तमान में अमेरिकी वाहन उद्योग का आकार 78 लाख करोड़ रुपए है, इसके बाद चीन (47 लाख करोड़ रुपए) और भारत (22 लाख करोड़ रुपए) का स्थान आता है। गडकरी ने कहा कि जब उन्होंने 2014 में परिवहन मंत्रालय का कार्यभार संभाला था, तब वाहन उद्योग का आकार 7.5 लाख करोड़ रुपए था जो अब बढ़कर 22 लाख करोड़ रुपए हो चुका है। उन्होंने फेडरेशन ऑफ आटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के कार्यक्रम में कहा कि वाहन उद्योग ने अब तक 4.5 करोड़ नौकरियां पैदा की हैं, जो देश में सबसे अधिक हैं। उन्होंने कहा कि वाहन उद्योग राज्य सरकार और भारत सरकार को जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) के हिस्से के रूप में अधिकतम राजस्व भी दे रहा है। उन्होंने बताया कि भारत में बनने वाले सभी दोपहिया वाहनों में से 50 प्रतिशत का निर्यात किया जाता है।

# रूस ने किया कीव पर भीषण हवाई हमला, यूक्रेन में जारी हुआ रेड अलर्ट

**मॉस्को।** रूसी सेना ने शनिवार तड़के यूक्रेन की राजधानी कीव पर एक संयुक्त ड्रोन और मिसाइल हमला किया, जिसमें केंद्रीय जिले में कम से कम तीन लोग मारे गए। सैन्य प्रशासन के प्रमुख तिमुर टकाचेंको के अनुसार, जैसे ही हवाई सुरक्षा ने हमले को विफल किया, सुबह-सुबह आकाश में विस्फोट हुए, जिसमें तीन अन्य लोग भी घायल हो गए। उन्होंने कहा कि चार लोग मारे गए हैं, जबकि पुलिस ने तीन मौतों की सूचना दी है। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने कहा, एक मेट्रो स्टेशन और पानी के पाइप भी क्षतिग्रस्त हो गए। बचावकर्मी मलबे को छानते हुए बाढ़ वाली सड़क से गुजरे। स्टेशन के सामने एक वैन के जले हुए अवशेष दिखाई दे रहे थे, जिसके सामने मुड़ी हुई धातु और उड़ी हुई खिड़कियों के निशान थे। संसदीय लोकपाल दिमित्रो लुबिनेट्स ने सोशल मीडिया पर लिखा कि रूसी सेना ने पहले ड्रोन लॉन्च किया और फिर बैलिस्टिक-मिसाइल हमला किया। ये कृत्य केवल दुश्मन की क्रूरता और बर्बरता को रेखांकित करते हैं। मॉस्को की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई, जो आम तौर पर नागरिकों को निशाना बनाने से इनकार करता है। रूस ने दक्षिणपूर्वी शहर जापोरिजिया पर भी हमला किया, जहां क्षेत्रीय गवर्नर ने कहा कि दस लोग घायल हो गए और एक औद्योगिक सुविधा के कार्यालय क्षतिग्रस्त हो गए। यूक्रेनी सेना ने कहा कि उसने रात भर के हमले के दौरान यूक्रेन के विभिन्न हिस्सों में रूस द्वारा लॉन्च किए गए 39 में से 24 ड्रोन और चार में से दो मिसाइलों को नष्ट कर दिया है। राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के गृहनगर क्रिवी रिह शहर पर एक रूसी मिसाइल हमले में चार लोगों की मौत हो गई और एक शैक्षणिक सुविधा आंशिक रूप से नष्ट हो गई।

# क्लैंप टाइप लॉकिंग के साथ थिक वेब स्विच प्वाइंट मशीनें की स्थापित

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) ने ट्रेन यात्रा को सुरक्षित और सकुशल बनाने के निरंतर प्रयास किए हैं। वह अपने अवसंरचना को अपग्रेड और बरकरार रखने के लिए उन्नत तकनीक उपायों को निरंतर लागू कर रहा है। दक्षता और संरक्षा को और बढ़ाने के लिए, पूसीरे ने जोन के कई सेक्शनों में अपने मौजूदा सिग्नलिंग और अन्य संरक्षा उपकरण प्रणालियों में कई अपग्रेडेशन और प्रतिस्थापन कार्य किए हैं। पूसीरे के सीपीआरओ कपिंजल किशोर शर्मा ने बताया कि दिसंबर 2024 में, पूसीरे ने रंगिया मंडल के अधीन 03 स्थानों पर क्लैंप टाइप लॉकिंग के साथ थिक वेब स्विच प्वाइंट मशीनें स्थापित की हैं। पूसीरे ने कटिहार में 10 प्वाइंट मशीन, अलीपुरद्वार में 02 और रंगिया मंडल में 01 मशीन को बदलकर बेपटरी को रोकने और सुरक्षित यात्रा एवं माल परिवहन सुनिश्चित करने के लिए अवसंरचना में सुधार किया है। कटिहार, लमडिंग और तिनसुकिया मंडल के विभिन्न स्थानों पर पांच समपार फाटकों पर इलेक्ट्रिक लिफ्टिंग बैरियर्स को बदल दिया गया है ताकि समपार फाटकों पर सुरक्षा बढ़ाई जा सके। तिनसुकिया, लमडिंग और अलीपुरद्वार मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर 4.642 किमी नई सिग्नलिंग केबल बिछाई गई है।

# फिल्म स्क्रीनिंग से पहले समर्थकों ने थिएटर में दी बलि, पांच गिरफ्तार

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों पर आरोप है कि इन्होंने एक फिल्म थिएटर में फिल्म की रिलीज से पहले भेड़ की बलि दी। घटना 12 जनवरी की है। जानवरों के अधिकारों के लिए लड़ने वाले संगठन पेटा ने इसकी शिकायत की थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने बलि देने वाले पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि गिरफ्तारी के थोड़ी देर बाद ही पांचों को जमानत पर रिहा कर दिया गया। तेलुगू फिल्मों के मशहूर अभिनेता एन बालाकृष्णा की फिल्म *डाकू महाराज* हाल ही में रिलीज हुई है। एन बालाकृष्णा फिल्म अभिनेता के साथ ही आंध्र प्रदेश की हिंदूपुर सीट से विधायक और राज्य के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू के करीबी रिश्तेदार हैं। फिल्म रिलीज पर 12 जनवरी की सुबह करीब तीन बजे एन बालाकृष्णा के समर्थकों ने जश्न मनाते हुए तिरुपति में एक फिल्म थिएटर में सार्वजनिक रूप से भेड़ की बलि दी। बलि के बाद भेड़ के रक्त को एन बालाकृष्णा के फिल्म के पोस्टर पर लगाया गया। जब बलि दी गई, उस दौरान वहां लोगों की भारी भीड़ थी और वे लोग अपने फोन से वीडियो शूट करने के साथ ही चिल्लाकर खुशी जाहिर कर रहे थे। पेटा की तरफ से 16 जनवरी को पुलिस को एक ईमेल किया गया था, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। बलि देने के आरोप में पुलिस ने शंकरैया, रमेश, सुरेश रेड्डी, प्रसाद और मुकेश बाबू को गिरफ्तार किया। पुलिस को शक है कि इस मामले में और भी आरोपी हो सकते हैं, जिनकी पहचान करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने इस मामले में पशु निर्दयता रोकथाम कानून, 1960 की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

# *पृष्ठ एक का शेष*

## *एडवांटेज असम 2.0...*

किया। जबकि राज्य मंत्रिमंडल असम को एक निवेश गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है, मुख्यमंत्री शर्मा ने हाल ही में नए साल के संबोधन में इस वर्ष के शिखर सम्मेलन के लिए उम्मीदों को कम कर दिया। 2026 के चुनावों से पहले राजनीतिक अनिश्चितता को स्वीकार करते हुए, शर्मा ने सतर्क आशावाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुझे इस साल के शिखर सम्मेलन से बहुत उम्मीदें नहीं हैं, क्योंकि यह चुनावी साल से पहले है। निवेशक अक्सर ऐसे समय में सावधान रहते हैं। इसके बावजूद, शर्मा को विश्वास है कि शिखर सम्मेलन अच्छा प्रदर्शन करेगा और 2026 और 2027 असम के आर्थिक भविष्य के लिए निर्णायक वर्ष होंगे।

## *डीआईपीआर के निदेशक...*

मानबेंद्र देबरॉय, लोगनित तेरांग व प्रशांत सैकिया शामिल हैं। उपर्युक्त अधिकारी भारतीय पुलिस सेवा (परिवीक्षा) विनियम, 1954 के तहत एक वर्ष के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे और भारतीय पुलिस सेवा (परिवीक्षा) विनियम, 1954 के नियम 54) में संशोधन दिनांक 10 मई, 2011 के तहत सभी अधिकारियों को इंडक्शन प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा।

## *मालदा में सीमा ...*

किए जाने के बाद भाग गए। पिछले कुछ दिनों में बांग्लादेश सीमा से भारत में प्रवेश करने के कई प्रयास हुए हैं। इससे पहले, भारतीय सीमा निवासियों द्वारा पीछा किए जाने के बाद बांग्लादेशी नागरिक भाग गए थे, लेकिन शनिवार को उन लोगों ने जबरन घुसने की कोशिश की। सुखदेवपुर सीमा पर डेढ़ किलोमीटर तक कोई फेंसिंग नहीं है। जब भी बीएसएफ ने कंटीले तार लगाने की कोशिश की, बीजीबी ने उसे रोक दिया था। दूसरी ओर जमीन में सुरंगें भी खोदी जाती देखी गईं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बांग्लादेशी नागरिक इस तरफ आकर फसल काट ले गए है। शुक्रवार रात से सीमा पर तनाव जारी है। तभी स्थानीय निवासियों ने इसे रोक दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बीएसएफ ने आंसू गैस के गोले दागे। दूसरी ओर के निवासी पीछा करते हुए भाग गए। इससे पहले, बीजीबी ने सीमा पर कंटीले तार लगाने का बार-बार विरोध किया था। दूसरी ओर, बीएसएफ की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि शनिवार सुबह लगभग 11:45 बजे 119वीं वाहिनी की सीमाचौकी सुखदेवपुर के भारत-बांग्लादेश की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर भारतीय और बांग्लादेशी किसानों के बीच एक मामूली कहासुनी के कारण स्थिति तनावपूर्ण हो गई। यह घटना उस समय हुई जब कुछ भारतीय किसान, सामान्य दिनों की तरह अपने अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास खेतों में काम करने के उद्देश्य से आगे गए हुए थे। इसी दौरान भारतीय किसानों ने सीमापार खेतों में काम कर रहे बांग्लादेशी किसानों पर फसल चोरी करने का आरोप लगाया, जिस वजह से दोनों देशों के किसानों के बीच आपसी बहस शुरू हो गई। घटना ने तूल तब पकड़ा, जब दोनों पक्षों के किसान बड़ी संख्या में एकत्र होने लगे और एक दूसरे पक्ष की तरफ गाली-गलौच व पत्थरबाजी करने लगे। काफी बड़े भाग में तारबंदी के न होने से भारतीय किसानों को भी आगे जाने में रुकावट का सामना नहीं करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही बीएसफ और बीजीबी के जवानों ने मौके पर पहुंचकर अपने-अपने देश के किसानों को तितर-बितर करते हुए स्थिति को नियंत्रण में किया और उनको वापस लौटाया। हुड़दंग कुछ समय तक चला पर इस घटना में किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। बीएसएफ की ओर से जारी बयान में कहा गया है किबीएसफ ने भारतीय किसानों को सीमा पर इस तरीके के विवादों से दूर रहने की सलाह दी और भविष्य में सीमा पर खेती से सम्बंधित कोई भी समस्या होने पर बीएसफ को सूचित करने के लिए कहा। बीजीबी ने भी स्थिति को नियंत्रण करने में सकारात्मक भूमिका निभायी और अविलम्ब अपने क्षेत्र में जरूरी कार्यवाही कर स्थिति बिगड़ने से रोक दिया। इस संबंध में संबंधित क्षेत्र के बीएसफ और बीजीबी यूनिट के कमांडेंट भी आपस में मिल कर बेहतर समन्वय स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। भारतीय किसानों को पूरी तरह वापस कर लिया गया है, परंतु अंतर्राष्ट्रीय सीमा रेखा से 50-75 मीटर बांग्लादेश के भीतर कुछेक बांग्लादेशी नागरिकों की उपस्थिति देर दोपहर तक देखी गई, जिन्हें बीजीबी हटाने का प्रयास लगातार करती देखी गई। सीमा पर स्थिति अब सामान्य और नियंत्रण में है।

## *उमरांग्सू त्रासदी के ...*

गया और उन्हें हिरासत में लिया गया है। हमने अवैध बिजली कनेक्शन भी नष्ट कर दिए हैं और उपकरण जब्त कर लिए हैं। इस तरह की कार्रवाई पूरे क्षेत्र में जारी रहेगी। यह कार्रवाई असम मंत्रिमंडल द्वारा 16 जनवरी को लिए गए निर्णय के बाद की गई है, जिसमें राज्य के उत्तर पूर्वी कोलफील्ड्स में सभी रैट-होल खदानों को स्थायी रूप से बंद करने और खनन गतिविधियों को विनियमित करने के लिए एक कठोर मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को लागू करने का निर्णय लिया गया था। यह कदम उमरांग्सू, डिमा हसाउ में एक अवैध रैट-होल खदान में कई खनिकों की दुखद मौतों के बाद उठाया गया है, जिससे कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है। अवैध खनन से निपटने के लिए जारी प्रयासों के बावजूद यह समस्या क्षेत्र में व्याप्त है। कार्यकर्ता रंजन चौधरी ने हाल ही में अपने यूट्यूब चैनल पर चिंता जताते हुए दावा किया कि भ्रष्ट राजनीतिक हस्तियों द्वारा समर्थित संगठित अपराध सिंडिकेट अवैध खनन कार्यों के पीछे हैं। चौधरी ने आरोप लगाया कि अवैध कोयला खनन संगठित अपराध है। कोयला माफिया भ्रष्ट राजनेताओं की मदद से बेखौफ होकर काम करते हैं। अवैध कोयला ले जाने वाले ट्रक रोजाना राजमार्गों से गुजरते हैं, फिर भी कोई उन्हें रोकने की हिम्मत नहीं करता। सरकार की नवीनतम कार्रवाई इस दीर्घकालिक समस्या पर अंकुश लगाने के प्रयास का संकेत है, लेकिन आलोचकों का तर्क है कि असम में अवैध कोयला व्यापार को चलाने वाले शक्तिशाली नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए अधिक व्यापक उपायों की आवश्यकता है।

## *मुख्यमंत्री ने राज्य ...*

रखेगा। अपने एक्स हैंडल पर शर्मा ने लिखा कि असम का विकास राज्य के अपने राजस्व से प्रेरित है, जो हमारे सत्ता संभालने के बाद से लगभग 50 प्रतिशत बढ़ गया है। हमारे विकास के रास्ते को आगे बढ़ाने के लिए हमारे आंतरिक राजस्व को मजबूत करने के हमारे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। यहां यह उल्लेख करना आवश्यक है कि वित्त वर्ष 2021-22 में असम का कुल राजस्व 23,113 करोड़ रुपए था, जो वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 30,263 करोड़ रुपए हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 में राजस्व बढ़कर 34,081 करोड़ रुपए हो गया, जो लगातार वृद्धि और राजकोषीय स्वास्थ्य को दर्शाता है। शर्मा का वक्तव्य राज्य की वित्तीय आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रगति तथा आंतरिक संसाधनों के माध्यम से बुनियादी ढांचे और सामाजिक विकास को आगे बढ़ाने की उसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## *आरजी कर कांड ...*

कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पहले ही आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। आज मामले की सुनवाई के लिए प्रदर्शनकारी अदालत परिसर के बाहर जमा हुए। सियालदह अदालत परिसर में सुरक्षा कड़ी की गई। कोलकाता पुलिस ने प्रवेश को नियंत्रित करने और सभी उपस्थित लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई बैरिकेड्स भी लगाए गए। अदालत के फैसले से पहले पीड़िता के पिता ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने खुद कहा था कि वह रात के दो बजे तक जागकर मॉनिटर कर रही थीं। मैं जानना चाहता हूं कि उनका इसमें क्या हित था। सिर्फ मुख्य आरोपी ही नहीं, सभी दोषी सामने आएंगे। इससे पहले पीड़िता डॉक्टर के पिता ने मीडिया से बात की थी। उन्होंने कहा कि आरोपियों को सजा मिलने पर हमें कुछ राहत मिलेगी। जब तक हमें न्याय नहीं मिल जाता, तब तक हम अदालत का दरवाजा खटखटाते रहेंगे। हम देश के लोगों से भी समर्थन मागेंगे। उन्होंने आगे कहा कि जो भी उचित सजा होगी वह अदालत तय करेगी। सीबीआई पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि इस मामले में सीबीआई ने कुछ नहीं किया। यहां संतुष्टि का कोई सवाल ही नहीं है। हमने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के समक्ष कई सवाल उठाए। हमने कोर्ट से इसका जवाब मांगा है। हमने सीबीआई से जवाब नहीं मांगा, लेकिन कोर्ट ने सारी जिम्मेदारी सीबीआई को सौंप दी। एक वरिष्ठ वकील ने कहा कि यह सिर्फ एक मामला नहीं है, यह देश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। एक स्थानीय निवासी ने पूछा कि क्या उसे (आरोपी) अधिकतम सजा मिलेगी ? कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ दरिंदगी की घटना नौ अगस्त की है। मृतक मेडिकल कॉलेज में चेस्ट मेडिसिन विभाग की स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की छात्रा और प्रशिक्षु डॉक्टर थीं। आठ अगस्त को अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद रात के 12 बजे उसने अपने दोस्तों के साथ डिनर किया। इसके बाद से महिला डॉक्टर का कोई पता नहीं चला। घटना के दूसरे दिन सुबह उस वक्त मेडिकल कॉलेज में हड़कंप मच गया जब चौथी मंजिल के सेमिनार हॉल से अर्ध नग्न अवस्था में डॉक्टर का शव बरामद हुआ। घटनास्थल से मृतक का मोबाइल फोन और लैपटॉप बरामद किया गया। पोस्टमॉर्टम की शुरुआती रिपोर्ट से पता चला है कि महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। जूनियर महिला डॉक्टर का शव गद्दे पर पड़ा हुआ था और गद्दे पर खून के धब्बे मिले। शुरुआती पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया है कि मृतक महिला डॉक्टर के मुंह और दोनों आंखों पर था। गुप्तांगों पर खून के निशान और चेहरे पर नाखून के निशान पाए गए। होठ, गर्दन, पेट, बाएं टखने और दाहिने हाथ की उंगली पर चोट के निशान थे।

## *स्वामित्व योजना से ...*

मोदी शनिवार को दिल्ली से स्वामित्व योजना अंतर्गत हितग्राहियों को संपत्ति अधिकार पत्रों के ई-वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने देशभर के 50 हजार से अधिक गाँवों में 65 लाख प्रॉपर्टी कार्डों का वितरण किया, जिनमें मध्य प्रदेश के 15 लाख 63 हजार हितग्राही शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिवनी जिले से कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ के एक सर्वे के अनुसार क्लाइमेट चेंज, पानी की समस्या, स्वास्थ्य की समस्या और महामारी की चुनौतियों के साथ ही प्रॉपर्टी राइट्स 21वीं सदी की एक बहुत बड़ी चुनौती है। विश्व के अनेक देशों में गरीबों के पास प्रॉपर्टी राइट्स नहीं है। अर्थशास्त्री कहते हैं कि प्रॉपर्टी राइट्स नहीं होने से उनके पास *डैड कैपिटल* है। उस पर वे कोई लेनदेन नहीं कर सकते, कोई आर्थिक गतिविधि संभव नहीं होती। घर की मिल्कियत के विवाद और दबंगों द्वारा अतिक्रमण का खतरा बना रहता है। स्वामित्व योजना के माध्यम से हमने इस चुनौती का हल निकाल लिया है। उन्होंने कहा पहले की सरकारों ने इस समस्या का कोई ठोस हल नहीं निकाला। वर्ष 2014 में जब हमारी सरकार बनी तब हमने इस योजना को प्रारंभ किया। ड्रोन के माध्यम से जमीनों की मैपिंग कराई गई और गरीबों की संपत्ति के कागज तैयार किए गए। देश में लगभग 6 लाख गांव है, इनमें से आधे से अधिक गांवों का ड्रोन सर्वे पूरा हो चुका है। सवा दो करोड़ ग्रामीणों को प्रॉपर्टी कार्ड मिल गए हैं। इससे देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। लगभग 100 लाख करोड़ से ज्यादा की आर्थिक गतिविधियों का रास्ता खुलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामित्व योजना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। गरीबों को संपत्ति के अधिकार पत्र मिल जाने से ग्राम पंचायतें आर्थिक दृष्टि से सशक्त होंगी और ग्राम स्वराज जमीन पर उतरेगा। विभिन्न आपदाओं के बेहतर प्रबंधन और ग्रामीणों को समय पर क्लेम मिलने में भी आसानी होगी। उन्होंने कहा कि हमारा भारत गांव में बसता है। गांव का विकास देश का विकास है। स्वामित्व योजना और भू-आधार ग्राम विकास के आधार बनेंगे। देश में 23 करोड़ भू-आधार नंबर जारी किए जा चुके हैं। भू-अभिलेखों का डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। मोदी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में नारी शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैंक सखी, बीमा सखी, लखपति दीदी, ड्रोन दीदी आदि योजनाएं नारी सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। देश में सवा करोड़ से ज्यादा लखपति दीदियां बन गई है। कई राज्यों में स्वामित्व योजना के अंतर्गत संपत्ति अधिकार पत्रों में पत्नियों के नाम भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना की रजिस्ट्री में भी महिलाओं के नाम शामिल किए गए हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी संबोधित किया। प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना में सम्पत्ति कार्ड वितरण कार्यक्रम जिला स्तर पर भी आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में केंद्रीय मंत्री, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, विधानसभा अध्यक्षय सहित सांसद एवं विधायकगण शामिल हुए और हितग्राहियों को समपत्ति कार्ड वितरण कर उनसे संवाद भी किया।

## *महाकुंभ में आकर्षण...*

को सुलझाने के लिए है। इसके बाद छोटे बाबा ने गाड़ी की स्टेयरिंग थाम ली, टाइमिंग बाबा बोनट पर बैठ गए और हूटर बजाते हुए गाड़ी भीड़ के बीच से बढ़ गई आगे। सेक्टर 16 में पान वाले बाबा का शिविर है। मूलतः राजस्थान में रहने वाले गिरधारी बाबा अपने शिविर में भक्तों को प्रसाद स्वरूप पान खिलाते हैं। जिस आसन पर बैठते हैं वहीं पास में कत्था, चूना, सुपाड़ी, अन्य पान सामग्री रहती है। लोगों से बात करते जाते हैं और अपने हाथों से सभी को एक-एक पान पकड़ा कर उसे खाने के लिए कहते हैं। सभी से बाबा स्नेहपूर्वक बात करते हैं। दावा करते हैं कि उनके हाथ का पान जो खाता है उसकी 11 बीमारियां दूर होती हैं। इनमें ब्लड प्रेशर, शुगर, घबराहट, मोटापा, अपच आदि की बीमारी प्रमुख है। बताया कि वह पान बचपन से ही खा रहे हैं। उन्हें कोई बीमारी नहीं है। बाबा ने पूछने पर बताया कि पान खाने खिलाने से संबंध प्रगाढ़ होते हैं। उनका लक्ष्य भारतीयों को एक दूसरे से जोड़ना है।

## *इजराइल-हमास युद्धविराम...*

दी। इस समझौते के लागू होने के बाद दर्जनों बंधकों को रिहा किया जा सकेगा और हमास के साथ 15 महीने से जारी युद्ध पर लगाम लगेगी। युद्धविराम की खबर के बावजूद शनिवार को पूरे मध्य इजराइल में सायरन बजने लगे और सेना ने बताया कि उसने यमन से दागी गई मिसाइलों को रोक दिया। इससे पहले, कतर के विदेश मंत्रालय ने इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम रविवार सुबह साढ़े छह बजे से प्रभावी होने की बात कही थी।

## *भारत में हर चौथी...*

दौरान करोड़ों की नकली दवाएं पकड़ी गईं। इन दवाओं में चाक पाउडर और स्टार्च भरा गया था। अमोक्सिलिन जैसी दवाओं में सक्रिय साल्ट की मात्रा तय मानक से बेहद कम पाई गई। यह खेप उत्तराखंड के काशीपुर और यूपी के गाजियाबाद से कूरियर के जरिए तेलंगाना भेजी गई थी। उत्तराखंड में सैंपल जांच में कई दवा कंपनियों के प्रोडक्ट खरे नहीं उतरे, जिसके चलते उनके लाइसेंस रद्द किए गए। 2024 में आगरा के मोहम्मदपुर इलाके में नकली दवाएं बनाने वाली एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया, जहां से 80 करोड़ रुपए की नकली दवाएं जब्त की गईं। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नकली दवाओं के कई सिंडिकेट का खुलासा किया। गाजियाबाद के लोनी में एक गोदाम पकड़ा गया, जहां डॉक्टरों की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर नकली दवाएं बनाई जा रही थीं। ये दवाएं भारत समेत अमेरिका, इंग्लैंड और बांग्लादेश को भी सप्लाई की जा रही थीं। कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाले कीमोथेरेपी इंजेक्शन बनाने वाला एक गिरोह भी पकड़ा गया। ये लोग ब्रैंडेड इंजेक्शन की खाली शीशियों में सस्ती एंटी-फंगल दवा भरकर लाखों रुपए में बेच रहे थे। कुछ दवाएं, जैसे कफ सिरप और डिप्रेशन पिल्स, नशे के लिए इस्तेमाल की जा रही हैं। रेव पार्टियों में डिप्रेशन की गोलियां और एविल इंजेक्शन का खूब इस्तेमाल हो रहा है। कई नामी दवा कंपनियां अब अपने उत्पादों पर क्यूआर कोड और हेल्पलाइन नंबर अंकित कर रही हैं, ताकि ग्राहक नकली दवाओं की पहचान कर सकें। विशेषज्ञों का कहना है कि ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट और पुलिस को मिलकर एक्सपर्ट टीम बनानी चाहिए, जो नकली दवाओं के कारोबार पर सख्त निगरानी रखे। इसके अलावा, सभी सरकारी और निजी अस्पतालों की नियमित जांच की जानी चाहिए। नकली दवाओं का धंधा रोकने के लिए निगरानी तंत्र को और मजबूत बनाने की आवश्यकता है।

## *ईरान में एक व्यक्ति...*

इस गोलीबारी में न्यायाधीश मौलवी मोहम्मद मोगीसेह और न्यायाधीश अली रजिनी की मौत हो गई। खबरों के मुताबिक, इस हमले में एक न्यायाधीश का अंगरक्षक भी घायल हो गया। समाचार एजेंसी के मुताबिक, बाद में हमलावर ने खुद को भी गोली मारकर अपनी जान दे दी। न्यायाधीश रजिनी की 1999 में हत्या करने की कोशिश की गई थी, लेकिन वह प्रयास विफल रहा था। दोनों ही न्यायाधीश कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा चलाने और उन्हें कठोर सजा देने के लिये जाने जाते थे।

## *बिहार में इंडिया...*

लेकिन राहुल ने आज साफ कर दिया कि बिहार में इंडिया गठबंधन के तहत ही चुनाव लड़ा जाएगा। राहुल गांधी ने बिहार की जातीय जनगणना को फेक बताकर एक नए विवाद को जन्म दे दिया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार आज बिहार पहुंचे। पटना में राहुल गांधी के दो कार्यक्रम थे। एक तरफ उन्होंने संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित किया तो दूसरी तरफ कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी नेताओं का उत्साह बढ़ाया। राहुल गांधी ने पटना में कहा कि बिहार की जातीय जनगणना फेक है और लोगों को बेवकूफ बनाने वाला है। हालांकि बिहार में जातीय जनगणना का फैसला जब लिया गया तब कांग्रेस भी यहां सरकार में थी। बिहार में सीट बंटवारे को लेकर आरजेडी और कांग्रेस के बीच पिछले दिनों काफी तल्खियां बढ़ी रहीं। लालू ने ममता बनर्जी को इंडिया ब्लॉक का नेता बनाने की वकालत की तो तेजस्वी ने इंडिया गठबंधन को सिर्फ लोकसभा चुनाव तक सीमित रहने की बात की। इन सबके बीच राहुल गांधी से तेजस्वी यादव कुछ सेकेंड के लिए मिले और लालू यादव से मिलने के लिए आवास आने का आमंत्रण दिया। राहुल गांधी, लालू यादव से मिलने उनके आवास भी पहुंच गए। साथ में शाम की चाय पी और चाय पर चर्चा भी हुई। तेजस्वी यादव भले ही इंडिया गठबंधन के लोकसभा चुनाव तक समिति होने की बात कह चुके हैं लेकिन राहुल गांधी ने आज कांग्रेस मुख्यालय में एलान कर दिया कि बिहार में चुनाव इंडिया गठबंधन के तहत ही लड़ा जाएगा। राहुल गांधी का यह दौरा ऐसे समय में हुआ है जब पटना में पिछले एक महीने से बीपीएससी परीक्षा को लेकर छात्र आंदोलन कर रहे हैं। राहुल गांधी बीपीएससी अभ्यर्थियों से मिलने के लिए धरना स्थल भी पहुंचे हुए थे।

# असम कोयला खदान दुर्घटना के सिलसिले में तीन और गिरफ्तार : पुलिस

## खनिज मंत्री ने पीड़ितों के परिवारों को 10 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी

**सिलचर।** असम पुलिस ने 6 जनवरी को दीमा हसाओ जिले के उमरंगसो क्षेत्र में हुई कोयला खदान दुर्घटना के सिलसिले में तीन और व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, जिससे कुल संख्या पांच हो गई है। दीमा हसाओ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मयंक कुमार झा ने कहा कि गिरफ्तार किए गए तीनों लोग अवैध खनन के सरदार (पर्यवेक्षक) और वित्तपोषक हैं, जिसके कारण यह दुखद घटना हुई। उमरंगसो के 3 किलो क्षेत्र में एक बंद पड़ी खदान में कम से कम नौ मजदूरों के फंसे होने की आशंका है और बचाव अभियान जारी है तथा अब तक चार शव बरामद किए जा चुके हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान उमरंगसो कस्बे के निवासी रोनो भद्र हसनु, नागांव के दिलदार हुसैन और हाफलोंग के बिपुल पुरुष के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, इन सभी को 16 जनवरी को हाफलोंग से गिरफ्तार किया गया। मामले से परिचित लोगों ने बताया कि दिलदार हुसैन एक रैकेट का हिस्सा है जो पूर्वोत्तर, भारत के अन्य हिस्सों और नेपाल जैसे पड़ोसी देशों से मजदूरों को असम की खदानों में लाता है। एसपी ने कहा कि हमें



उनके खिलाफ सबूत मिले हैं और आगे की जांच चल रही है। हम गिरफ्तारी के बारे में अधिक जानकारी साझा नहीं कर सकते क्योंकि मामले की जांच चल रही है। 6 जनवरी की घटना के बाद पुलिस ने उमरंगसो पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 3(5)/105 (गैर इरादतन हत्या) और खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21(1) के तहत मामला दर्ज किया (केस नंबर- 02/2025) और दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। 16 जनवरी को, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा ने दुर्घटना की गौहाटी उच्च न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश अनिमा हजारिका की अध्यक्षता में न्यायिक जांच की घोषणा की। राज्य सरकार ने दुर्घटना के कारणों की जांच करने तथा इसके लिए जिम्मेदार लोगों और संस्थाओं की पहचान करने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की भी घोषणा की। शर्मा ने कहा कि उमरंगसो क्षेत्र में लगभग 220 कोयला खदानों की पहचान की गई है और राज्य सरकार भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी अवैध खदानों को भरने की योजना बना रही है। राज्य सरकार ने पीड़ित परिवारों के लिए 10 लाख रुपए के मुआवजे की भी घोषणा की। असम के खान एवं खनिज मंत्री कौशिक राय ने शनिवार को कोयला खदान हादसे में मारे गए चार लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए की अनुग्रह राशि वितरित की। इसके अलावा खदान में फंसे पांच लोगों के परिजनों को 6-6 लाख रुपए की सहायता राशि दी गई। वितरण कार्यक्रम उमरंगसो पुलिस स्टेशन परिसर में आयोजित किया गया और असम के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह और राज्य सरकार के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में राशि सौंपी गई। मंत्री ने कहा कि जीवन का मूल्य अथाह है और आज हम जो अनुग्रह राशि दे रहे हैं, वह खोए हुए जीवन की तुलना में कुछ भी नहीं है, यह छोटी राशि केवल शोक संतप्त परिवारों की सहायता करने और हमारी एकजुटता दिखाने के लिए है। मंत्री ने कहा कि जल निकासी की प्रक्रिया अभी भी जारी है और प्रतिदिन लगभग एक करोड़ लीटर पानी निकाला जा रहा है, हालांकि, अभी भी बड़ी मात्रा में पानी गड्ढों के अंदर है।

## बीटीसी चुनाव के लिए नेता बीपीएफ से टिकट के लिए कर रहे आवेदन



**कोकराझाड़ (हिंस)।** आगामी बीटीसी परिषद चुनाव को केंद्रित कर पार्टियों के नेता अपनी दावेदारी के लिए प्रयास करना शुरू कर दिया है। जिसके चलते परिषद क्षेत्र की चुनावी राजनीति धीरे-धीरे गर्म हो रही है। हालांकि, बीटीसी चुनाव की तारीख अभी तक चुनाव आयोग द्वारा घोषित नहीं की गई है, लेकिन राजनीतिक दल अपनी जमीनी ताकत मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता सभाएं आयोजित कर रहे हैं। पार्टी में नए सदस्यों को शामिल कर रहे हैं और लोगों को अपनी पार्टी से जोड़ने के लिए विभिन्न उपाय अपना रहे हैं। वहीं दूसरी ओर आगामी बीटीसी चुनाव में प्रत्येक क्षेत्र से चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों को बीपीएफ पार्टी कार्यालय में आवेदन जमा करने के लिए बीपीएफ पार्टी ने 31 जनवरी की तारीख तय की है। इस कड़ी में आज बीपीएफ पार्टी से 7 नंबर फकीराग्राम चुनाव क्षेत्र के लिए टिकट मांगते हुए अलोकेश दत्ता ने अपना आवेदन पत्र जमा किया। अन्य कई नेता भी बीपीएफ से टिकट के लिए आवेदन किया है।

## असम स्कूटी योजना पर भ्रष्टाचार के आरोप, शोरूम मालिकों ने मांगे पैसे



**गुवाहाटी।** ग्वालपाड़ा और श्रीभूमि में डीलरों पर सरकारी योजना के तहत मुफ्त स्कूटी वितरित करने के नाम पर अनधिकृत धन वसूली करने के गंभीर आरोप हैं। ग्वालपाड़ा में, बालुकडूबी में हाई-स्पीड बाइक डीलर शोरूम पर छात्रों से उनकी स्कूटी देने के लिए 4000 रुपए मांगने का आरोप है। डीलर कथित तौर पर भुगतान न किए जाने तक स्कूटी देने से इनकार कर रहा है, जबकि योजना के तहत योग्य छात्रों को मुफ्त स्कूटी देने का वादा किया गया है। छात्रों का फायदा उठाने के लिए अभिभावक डीलर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इसी तरह श्रीभूमि में रॉयल एटीएस हीरो शोरूम पर स्कूटी पर गार्ड लगाने के लिए 3500 रुपए वसूलने का आरोप है। वायरल फोन कॉल में शोरूम के एक कर्मचारी ने एक छात्र से 3500 रुपए मांगे और कहा कि भुगतान न किए जाने पर डिलीवरी में देरी होगी। इसके जवाब में श्रीभूमि के छात्रों ने जिला आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है और मुख्यमंत्री से कार्रवाई की अपील की है। इन घटनाओं से छात्रों और अभिभावकों में आक्रोश फैल गया है और योजना के क्रियान्वयन की निष्पक्षता को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। वे उचित जांच और वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

## चिरांग में पारंपरिक खाद्य मेला और रसोई प्रतियोगिता आयोजित

**चिरांग (हिंस)।** चिरांग जिले के भारत-भूटान सीमा के शांतिपुर स्थित निजलागुड़ी में हिरिम्बापुरी बाथौ गौथार प्रांगण में माघौ दोमासी के उपलक्ष्य में 50 गांवों के लोगों ने एकत्र होकर बोड़ो समुदाय के पारंपरिक खाद्य मेला और रसोई प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस मेले का उद्देश्य नई पीढ़ी को बोड़ो समुदाय के पारंपरिक व्यंजनों से परिचित कराना और इस परंपरा को जीवित रखना था। मेले में 2024 में जीआई-टैग प्राप्त बोड़ो समुदाय के पारंपरिक व्यंजनों को विशेष महत्व दिया गया। प्रतियोगिता में अनला, नार्जी, नाफाम बाटोन, ओमा बेदार (सुअर का मांस), थाचो बिचन और सोबाई जैसे पारंपरिक व्यंजनों ने विशेष स्थान प्राप्त किया।

## दिलीप सैकिया ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने का किया आह्वान

**गुवाहाटी (हिंस)।** असम प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सांसद दिलीप सैकिया ने पार्टी संगठन को मजबूत करने और जाति, माटी, भेटी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं से समर्पण और एकजुटता के साथ काम करने का आह्वान किया है। उन्होंने पार्टी मुख्यालय में उपस्थित हजारों कार्यकर्ताओं की शुभकामनाएं स्वीकार करते हुए यह बात कही। उल्लेखनीय है कि 17 जनवरी को मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा और केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की उपस्थिति में दिलीप सैकिया ने प्रदेश अध्यक्ष का कार्यभार संभाला। 18 जनवरी को उन्होंने गुवाहाटी स्थित भाजपा मुख्यालय अटल बिहारी वाजपेयी भवन में कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने और संगठन को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कहा ने बताया कि दिलीप सैकिया 19 जनवरी से अपने प्रवास कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। सुबह 11 बजे वे बरपेटारोड स्थित 143 नंबर बूथ पर लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम *मन की बात* सुनेंगे। इसके बाद बरपेटा जिले में भाजपा द्वारा आयोजित संविधान गौरव दिवस के एक विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। शाम 4:30 बजे सैकिया नलबाड़ी जिले के अखरा चौक पर आयोजित सभामहोत्सव में भाग लेंगे और फिर कमलपुर विधानसभा क्षेत्र के गोपेश्वर में आयोजित एक प्रीतिभोज में शिरकत करेंगे।

## असम में निवेश की सुविधा को किया गया उजागर : मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी (हिंस)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि असम सरकार ने एडवांटेज असम 2.0 सम्मेलन के तहत राज्य में निवेश के आकर्षण को विस्तार से साझा किया है। सरकार ने असम में निवेश के लिए उपयुक्त वातावरण और लाभों को रेखांकित किया है। इसके प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं *सभी मोर्चों पर कनेक्टिविटी* असम भारत और दक्षिण पूर्व एशिया के बीच बेहतर कनेक्टिविटी का केंद्र है। मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क : सुगठित और सुलभ लॉजिस्टिक ढांचा तैयार है। दक्षिण पूर्व एशिया तक पहुंच : असम से अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक आसान संपर्क की सुविधा है। प्राकृतिक संसाधन और जैव विविधता: राज्य पर्यटन और औद्योगिक क्षेत्रों में स्वर्णिम अवसर प्रदान करता है। बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता: निवेशकों को हरित ऊर्जा में अवसर प्राप्त होंगे। संरक्षण और सुरक्षा के लिए मजबूत ढांचा: निवेश और व्यापार की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। मेक-इन-असम: गोथ टेक्नोलॉजी और औद्योगिक परियोजनाओं के माध्यम से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने असम को निवेश के लिए एक आदर्श गंतव्य बताते हुए उद्यमियों को आमंत्रित किया है। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री के साथ ही उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी देश एवं विदेश के अलग-अलग हिस्सों में लगातार दौरा कर सम्मेलन में लोगों को आमंत्रित करने का प्रयास कर रहे हैं।




## उल्लास महिला समिति ने स्कूल के विद्यार्थियों को स्वेटर प्रदान किया



**गुवाहाटी (विभास)।** उल्लास महिला समिति की अध्यक्ष मंजू बेगवानी की अध्यक्षता में फाटाशील स्थित बद्रीदास हिंदी एलपी स्कूल के छात्रों को स्कूल यूनिफॉर्म के 211 स्वेटर प्रदान किए गए। इस अवसर पर मंत्री राज सुराणा, कोषाध्यक्ष अध्यक्ष अमिता भंसाली, संयोजिका प्रभा छाजेड़, मंजू लूनिया एवं ऊषा सुराणा, बीना चोरड़िया, संगीता बोथरा, उर्मिला दुग्गड़, कांता महनोत, मंजू सेठिया, पुखराज गोलछा, मंजू दुग्गड़, गोरी संचेती, ममता घोड़ावत, सुमन पुगलिया, राजू देवी सुराणा, रश्मि श्रीमाल, कुसुम बैद, सरिता कुंडलिया, सुमन झाबक, राजू पुगलिया, सुषमा सुराणा, प्रमिला सेठिया, पुष्पा सेठिया, कंचन देवी सुराणा, सुरभि सुराणा, स्वीटी सुराणा, सोनू सेठिया उपस्थित थी।

## गोलाघाट पुलिस ने 12.30 लाख के मादक पदार्थ जलाए गए

**गोलाघाट (हिंस)।** गोलाघाट के बगोरीजेंग स्थित पुलिस कैंप खेल मैदान में आज पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में लगभग 12 लाख 30 हजार रुपए के अवैध मादक पदार्थ जलाए गए। यह मादक पदार्थ गोलाघाट जिले के विभिन्न स्थानों से बरामद किए गए थे, जिनमें हेरोइन, गांजा और अन्य मादक पदार्थ शामिल थे। पिछले 24 वर्षों में गोलाघाट पुलिस ने 16 करोड़ 88 लाख 73 हजार रुपए की हेरोइन, गांजा, टैबलेट और मोर्फिन जब्त की है। गोलाघाट जिले में बढ़ते मादक पदार्थों के कारोबार और इसके कारण युवाओं के बीच इसके प्रचार को लेकर गंभीर चिंता जताई जा रही है। मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए गोलाघाट पुलिस प्रशासन ने इन मादक पदार्थों को जब्त किया और कई व्यक्तियों को जेल भेजा है।

## ग्वालपाड़ा में रिश्वत लेते वरिष्ठ सहायक गिरफ्तार

**ग्वालपाड़ा (हिंस)।** ग्वालपाड़ा में रिश्वत लेते हुए एक वरिष्ठ सहायक को गिरफ्तार कर लिया गया है। सतर्कता और भ्रष्टाचार विरोधी निदेशालय, असम को शिकायत मिली थी कि जिला स्वास्थ्य सेवा, ग्वालपाड़ा कार्यालय के वरिष्ठ सहायक मनोज कुमार घोष ने शिकायतकर्ता से फनि असम पोर्टल पर पदनाम सुधार के लिए 15,000 रुपए की रिश्वत मांगी। शिकायतकर्ता ने रिश्वत देने से इनकार करते हुए इस मामले में कानूनी कार्रवाई की अपील की। इसके बाद, शनिवार को एक जाल बिछाया गया और निदेशालय की टीम ने स्वास्थ्य सेवा कार्यालय में मनोज कुमार घोष को 10,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। रिश्वत की रकम उनकी जेब से बरामद की गई और स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में जब्त कर ली गई। जांच में पर्याप्त सबूत मिलने पर घोष को गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में एसीबी थाना में मामला दर्ज किया गया है (04/2025) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7(ए) के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## तामुलपुर में तेल माफिया का आतंक : भूटान सीमा पर सात टेंकर जब्त, 6 लोग गिरफ्तार

**तामुलपुर (हिंस)।** तामुलपुर जिले के भूटान सीमा स्थित दरंगामेला में तेल माफिया के खिलाफ चलाए गए व्यापक अभियान में पुलिस ने अवैध पेट्रोल से भरे सात वाहन जब्त किए और छह लोगों को गिरफ्तार किया। जब्त वाहनों के नंबर एएस- 01 डीडब्ल्यू-9399, एएस- 01 एबी-0732, एएस-03 डी 4426, एएस- 01 एएफ 3535, एआर-03-1281, एएस- 19 ई 8161 और एएस- 01 एजी 3319 है। भूटान से अवैध रूप से लाए गए पेट्रोल को तामुलपुर जिले के विभिन्न इलाकों में ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा था। पुलिस ने पांच सेंट्रो, एक इंडिगो और एक बोलेरो वाहन को जब्त किया, जिनमें 600 लीटर से अधिक पेट्रोल ले जाया जा रहा था। इन वाहनों में अवैध पेट्रोल के लिए अतिरिक्त टैंक लगाए गए थे। भूटान में 63 रुपए प्रति लीटर खरीदा गया पेट्रोल तामुलपुर के बाजारों में मुनाफा कमाने के लिए ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा था। यह पेट्रोल पान दुकान, जनरल स्टोर और चाय की दुकानों में अवैध रूप से वितरित किया जाता था। गिरफ्तार लोगों में आदम गयारी (21), कालम अली (22), नूर हुसैन अली (25), दयाल विश्वास (35), आमिर अली (25) और हबीब अली (20) शामिल हैं। जबकि, एक व्यक्ति वाहन छोड़कर फरार होने में सफल रहा।

## स्कूल बस हादसे में बच्ची की मौत, 15 छात्र घायल

**डिमा हसाओ (हिंस)।** जिले में हुए स्कूल बस हादसे में एक बच्ची की मौत हो गई तथा 15 छात्र घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 7:15 बजे उमरांग्सू थाना क्षेत्र के 19 किमी इलाके में एक स्कूल बस हादसे का शिकार हो गई। बस (एएस- 08सी- 2292) लंका-उमरांग्सू रोड पर एनईसीईएम सीमेंट फैक्ट्री के पास एक मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में एक छात्रा की मौत हो गई। मृतका की पहचान दलीमिर रोंगहांगपी (9 वर्ष, कक्षा 3, सेक्रेड हार्ट स्कूल, पिता: अगस्टिन रोंगहांग, निवासी: छोटो लारफेंग गांव, उमरांग्सू) के रूप में हुई है। इसके अलावा, 15 अन्य छात्र घायल हुए हैं, जिनमें से 2 गंभीर रूप से घायल छात्रों को हम्म अस्पताल, होजाई भेजा गया है। गंभीर रूप से घायल हुए छात्रों मार्लिन तेरांगपी (18 वर्ष, सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल, उमरांग्सू) तथा रुपलिन एंगतिपी (17 वर्ष, सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल, उमरांग्सू) के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## समुत्कर्ष महाशिविर का शुभारंभ करेंगे राज्यपाल श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य

**गुवाहाटी।** विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र द्वारा 29 से 31 जनवरी 2025 तक गुवाहाटी के सरुसजाई स्टेडियम में आयोजित होने वाले समुत्कर्ष महाशिविर की तैयारियां जोरों पर हैं। शिविरार्थियों के लिए आवास, प्रदर्शनी स्थल और भोजनालय सहित सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए सरुसजाई स्टेडियम में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) राणा प्रताप कलिता, विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के मंत्री डॉ. जगदीन्द्र रायचौधुरी और क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी ने महाशिविर के विभिन्न विभागों के प्रमुखों के साथ व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। समुत्कर्ष महाशिविर का शुभारंभ असम के राज्यपाल श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे। क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी, महाशिविर के अध्यक्ष राणा प्रताप कलिता, शिशु शिक्षा समिति असम के अध्यक्ष कुलेंद्र कुमार भगवती ने राज्यपाल के साथ सौजन्य भेंट कर महाशिविर की जानकारी प्रदान की। तीन दिवसीय



इस महाशिविर में 5,000 से अधिक विद्यार्थी गोष्ठियों, व्यायाम योग, आसन, सूर्य नमस्कार और घोष वादन जैसे आयोजनों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। व्यक्तित्व विकास, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी आचरण और संस्कृति संरक्षण जैसे विषयों के बारे महाशिविर में जानकारी प्रदान की जाएगी।

## बंगाईगांव में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन सुंदर एवं भव्य रूप से संपन्न

**बंगाईगांव।** हाल ही में बंगाईगांव की धार्मिक महिला संगठन बालाजी महिला मंडल द्वारा सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का सुंदर आयोजन किया गया, जिसमें हरिद्वार से पधारे संत श्री सुधाकर महाराज ने मनमोहक झांकियां के साथ अपनी ओजस्वी वाणी से कथा का सुंदर वाचन किया। इस सप्त दिवसीय महापुराण कथा का सुव्यवस्थित ढंग से सफलता के साथ आयोजन करने के लिए मैं बालाजी महिला मंडल की सभी सदस्याओं को हार्दिक धन्यवाद देती हूं जिनके कारण हम जैसे भागवत प्रेमी भक्तों को कथा श्रवण करने का मौका मिला। बालाजी महिला मंडल की सदस्याओं के परिश्रम के कारण ही यह कथा सफल रही तथा पुरुषों ने भी इसे सफल करने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई जिसके लिए प्रमोद सुरेका, जगमोहन सुरेका, महेश अग्रवाल, संजय बजाज एवं संतोष अग्रवाल को साधुवाद देना चाहती हूं तथा समाज के सभी लोग भी धन्यवाद के पात्र हैं जिन्होंने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अपनी भूमिका निभाई। तेरापंथ भवन के पदाधिकारी भी धन्यवाद के पात्र है जिन्होंने भवन को इस धार्मिक आयोजन के लिए हृदयता के साथ उपलब्ध कराया। इस कथा की विशेषता यह रही कि इस कथा के दौरान व्यक्तिगत तौर पर किसी भी व्यक्ति का जन्मदिन या वर्षगांठ नहीं मनाया गया जिसके लिए बालाजी महिला मंडल की सभी सदस्याओं को धन्यवाद देती हूं तथा आशा करती हूं कि भविष्य में इसी तरह के व्यवस्थित धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहेगा। ऐसे आयोजनों से सनातन धर्म का प्रचार भी होता है तथा लोगों में भक्ति भावना भी जागृत होती है। अंत में फिर एक बार आयोजन कर्ताओं को धन्यवाद देती हूं। इस आशय की जानकारी कौशल्या देवी ने दी।

## गुवाहाटी में सीएम विजिलेंस का अभियान : डीएफओ हिरण्य पाठक के घर पर छापा

**गुवाहाटी (हिंस)।** गुवाहाटी में सीएम विजिलेंस की टीम ने डीएफओ हिरण्य पाठक के घर पर छापेमारी की। ज्ञात हो कि हिरण्य पाठक धुबड़ी के जिला वन अधिकारी हैं। यह छापा नारेंगी तीनिआली स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी के हाउस नंबर 68 पर पड़ा। सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के आरोपों के आधार पर की गई है। मामले की जांच जारी है।

संपादकीय

# भारत-बांग्लादेश के बीच बढ़ता तनाव

जब से बांग्लादेश में कट्टरपंथी तत्वों का प्रभाव बढ़ा है, तब से लगातार किसी न किसी बहाने से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। यह तनाव तब और बढ़ गया जब भारत-बांग्लादेश के बीच सीमा पर बाड़ लगाने को लेकर बीते दिनों बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने ढाका में भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब कर लिया। लगभग 45 मिनट तक चली इस बैठक में बांग्लादेश के विदेश सचिव मोहम्मद जशीम उद्दीन ने हाल में सीमा पर उत्पन्न तनाव को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। यह घटनाक्रम बांग्लादेश द्वारा यह आरोप लगाये जाने के बाद सामने आया कि भारत द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करके भारत-बांग्लादेश सीमा पर पांच स्थानों पर बाड़ लगाने का प्रयास कर रहा है। दरअसल, सीमा पर बाड़ लगाने के मामले को बांग्लादेश ने जिस तरह भारत के साथ मित्रतापूर्ण संबंधों से जोड़ा है, उससे साफ है कि मामला सिर्फ उतना ही नहीं है, जितना दिख रहा है। बात यह नहीं कि बाड़ लगाने से दोनों पक्षों में तनाव और अविश्वास बढ़ रहा है, वास्तविकता यह है कि रिश्तों में अविश्वास बढ़ने की वजह से बाड़बंदी को मुद्दा बनाया जा रहा है। सत्य क्या है, यह भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने बताया है। उक्त बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि ढाका और नईदिल्ली के बीच सीमा पर बाड़ लगाने को लेकर आपसी सहमति है। इस संबंध में बीएसएफ और बीजीबी (बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश) के बीच बातचीत हो रही है। यानी जब बाड़ लगाने का कार्य सहमति से हो रहा था, तब बांग्लादेश की ओर से इस मामले पर प्रतिकूल टिप्पणी करना, उसकी नीयत को संदेह के घेरे में खड़ा करता है। इससे पहले बांग्लादेश के गृह मंत्रालय के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल जहांगीर आलम चौधरी ने कहा कि बीजीबी और स्थानीय लोगों के कड़े विरोध के कारण सीमा पर कांटेदार बाड़ लगाने का काम रोक दिया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पिछली सरकार के दौरान हुए कुछ समझौतों के कारण बांग्लादेश-भारत सीमा से जुड़े कई मुद्दों पर तनाव उत्पन्न हुए हैं। स्मरण रहे कि भारत बांग्लादेश के साथ 4,156 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है, जिनमें से 3,271 किलोमीटर पर पहले ही कंटीले तार की बाड़ लग चुकी है। जबकि अभी 885 किलोमीटर पर बाड़ लगाना बाकी है। बांग्लादेश सरकार का कहना है कि 2010 से लेकर 2023 के बीच 160 जगहों पर बाड़ लगाने को लेकर भारत के साथ विवाद हो चुका है। इनमें चपाईनवाबगंज, नौगांव, लालमोनिरहाट और तीन बीघा सीमा पर सर्वाधिक तनाव व्याप्त है। बांग्लादेश का आरोप है कि सीमा पर बाड़ लगा कर भारत ने पुराने समझौतों का उल्लंघन किया है। बांग्लादेश की चिंता है कि कंटीले तार लगने से दोनों देशों के दोस्ताना संबंध प्रभावित हो सकते हैं। यह समझना कठिन है कि बाड़ लगाने से संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव कैसे पड़ सकता है? सीमा सुरक्षा करना तो दोनों देशों के आपसी संबंधों के लिए अच्छी बात है। खुली सीमा होने से बांग्लादेश से भारत में अवैध घुसपैठ होती है, जिसके कारण दोनों देशों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बाड़ लगाने को सीमा पार से भारत में होने वाले घुसपैठ एवं अपराधों पर नकेल लगाने के प्रयासों के संदर्भ में ही देखा जाना चाहिए। दोनों देशों को इस मामले को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखकर आपसी सहमति से आगे बढ़ना चाहिए।

तनाव तब और बढ़ गया जब भारत-बांग्लादेश के बीच सीमा पर बाड़ लगाने को लेकर बीते दिनों बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने ढाका में भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब कर लिया। लगभग 45 मिनट तक चली इस बैठक में बांग्लादेश के विदेश सचिव मोहम्मद जशीम उद्दीन ने हाल में सीमा पर उत्पन्न तनाव को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। यह घटनाक्रम बांग्लादेश द्वारा यह आरोप लगाये जाने के बाद सामने आया कि भारत द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करके भारत-बांग्लादेश सीमा पर पांच स्थानों पर बाड़ लगाने का प्रयास कर रहा है। दरअसल, सीमा पर बाड़ लगाने के मामले को बांग्लादेश ने जिस तरह भारत के साथ मित्रतापूर्ण संबंधों से जोड़ा है, उससे साफ है कि मामला सिर्फ उतना ही नहीं है, जितना दिख रहा है। बात यह नहीं कि बाड़ लगाने से दोनों पक्षों में तनाव और अविश्वास बढ़ रहा है, वास्तविकता यह है कि रिश्तों में अविश्वास बढ़ने की वजह से बाड़बंदी को मुद्दा बनाया जा रहा है। सत्य क्या है, यह भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने बताया है। उक्त बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि ढाका और नईदिल्ली के बीच सीमा पर बाड़ लगाने को लेकर आपसी सहमति है। इस संबंध में बीएसएफ और बीजीबी (बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश) के बीच बातचीत हो रही है।

### आम आदमी पार्टी ने मोदी सरकार के खिलाफ प्रस्ताव पास करने का मंच बनाकर रख दिया

# आम आदमी पार्टी तो अपना रिपोर्ट कार्ड पेश नहीं करेगी, सोचा हम ही आपको उनके काम बता दें

नीरज कुमार दुबे

आम आदमी पार्टी वोट मांगने के दौरान अपनी मुफ्त की रेवड़ियों के बारे में तो जनता को बता ही रही है साथ ही वह संविधान और लोकतंत्र की दुहाई भी दे रही है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से दी गयी मुफ्त की सौगातें बड़ा छलावा साबित हुई हैं और लोकतंत्र तथा संविधान की मर्यादा का भी इस पार्टी की सरकार ने बिल्कुल ध्यान नहीं रखा। आप देख रहे होंगे कि आजकल अरविंद केजरीवाल रोज प्रेस के सामने आकर बड़ी बड़ी बातें कर रहे हैं लेकिन आंकड़े बता रहे हैं कि पिछले पांच सालों में इन्होंने कुछ काम नहीं किया और सारा वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा से लड़ने में बर्बाद कर दिया।

दिल्ली विधानसभा चुनावों को एक बार फिर जीतने के लिए आम आदमी पार्टी पूरा जोर लगा रही है। आम आदमी पार्टी वोट मांगने के दौरान अपनी मुफ्त की रेवड़ियों के बारे में तो जनता को बता ही रही है साथ ही वह संविधान और लोकतंत्र की दुहाई भी दे रही है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से दी गयी मुफ्त की सौगातें बड़ा छलावा साबित हुई हैं और लोकतंत्र तथा संविधान की मर्यादा का भी इस पार्टी की सरकार ने बिल्कुल ध्यान नहीं रखा। आप देख रहे होंगे कि आजकल अरविंद केजरीवाल रोज प्रेस के सामने आकर बड़ी बड़ी बातें कर रहे हैं लेकिन आंकड़े बता रहे हैं कि पिछले पांच सालों में इन्होंने कुछ काम नहीं किया और सारा वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा से लड़ने में बर्बाद कर दिया। जिस विधानसभा को दिल्ली के लोगों की समस्याओं का हल निकालना था उसको आम आदमी पार्टी ने मोदी सरकार के खिलाफ प्रस्ताव पास करने का मंच बनाकर रख दिया। दिल्ली विधानसभा को किस तरह आम आदमी पार्टी ने अपने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति का मंच बना कर रखा इसे आप इसी से समझ सकते हैं कि निवर्तमान विधानसभा ने पूरे पांच साल में मात्र 74 दिन ही कार्य किया। पांच साल में 1825 दिन होते हैं मगर इनमें से काम हुआ मात्र 74 दिन। हम आपको बता दें कि यह दिल्ली की विधानसभा के अब तक के सबसे कम कार्य दिवस का रिकॉर्ड है। इसके अलावा बड़ी-बड़ी बातें करने वाली आम आदमी पार्टी की सरकार ने पूरे पांच साल में मात्र 14 विधेयक पारित किये। यानि दिल्ली की विधानसभा ने अपने इतिहास में पांच साल में सबसे कम विधेयक पारित करने का रिकॉर्ड भी बनाया है। खास बात यह रही कि यह जो 14 विधेयक पारित हुए उनमें से पांच विधायकों के भत्ते, सुविधाएं और उन्हें मिलने वाली सैलरी से संबंधित थे। साथ ही दिल्ली के विधायकों के कामकाज का आकलन इसी से लगाया जा सकता है कि 2020 से 2025 तक विधायकों ने विधानसभा में सालाना आधार पर औसत 219 प्रश्न ही पूछे। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के शासन में विधानसभा में जिस दिन भी कार्यवाही हुई वह औसतन मात्र तीन घंटे तक चली। इसके अलावा विधानसभा के 74 कार्य दिवसों में से मात्र नौ दिन ही प्रश्नकाल हुआ। यही नहीं, आम आदमी पार्टी की



सरकार ने कभी विधानसभा का सत्रावसान भी नहीं किया ताकि जब चाहें विधानसभा की बैठक बुला सकें और वहां से राजनीतिक बयानबाजी कर सकें। दरअसल विधानसभा का सत्रावसान होने पर सत्र को दोबारा आहूत करने के लिए उपराज्यपाल की अनुमति चाहिए होती है और उन्हें सदन की बैठक बुलाने का कारण भी बताना होता है। आम आदमी पार्टी को लगता था कि यदि उपराज्यपाल ने बैठक बुलाने की अनुमति नहीं दी तो कैसे अपने राजनीतिक हित सधेंगे इसलिए वह कभी सत्रावसान करते ही नहीं थे। यही नहीं, विधानसभा में सीएजी की जो रिपोर्टें प्रस्तुत की जानी थीं वह भी नहीं की गयीं। जहां तक आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से बांटी जाने वाली मुफ्त रेवड़ियों की बात है तो उसकी सच्चाई यह है कि जनता को जितना दिया नहीं गया उतना हर योजना में घोटाला हो गया है। यह घोटाले भी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तरीके के हैं। मसलन एक दारू की बोतल पर दूसरी बोतल फ्री दी गयी लेकिन शराब नीति के जरिये घोटाला करके दिल्ली के सरकारी खजाने को हजारों करोड़ रुपए का चूना लगा दिया गया। जनता को 200 यूनिट बिजली फ्री देने की बात की गयी लेकिन एक यूनिट फालतू होते ही भारी भरकम बिजली बिल भेजे गये। जनता को 700 लीटर पानी फ्री देने की बात हुई लेकिन लोगों के भारी भरकम पानी के बिल आये। खास बात यह रही कि पानी का बिल तो हर महीने आ गया लेकिन नल से जल हर रोज नहीं आया और जहां जहां नल से जल आया वह गंदा आया। इसके अलावा प्रदूषण से निबटने की कोई स्थायी और प्रभावी योजना नहीं होने के चलते दिल्ली इतनी प्रदूषित हो गयी कि लोगों को तमाम तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो गयी हैं। अक्सर बुजुर्गों को होने वाली सांस की बीमारी दिल्ली के बच्चों को भी हो गयी है। दिल्ली में पवित्र यमुना नदी को गंदा नाला बनने से रोकने में आम आदमी पार्टी की सरकार पूरी तरह विफल रही। दिल्ली में यमुना का जल इतना प्रदूषित है कि त्योहारों पर श्रद्धालु अगर पानी में चले जायें तो उन्हें चर्म रोग हो जाते हैं और इस पानी का शोधन करने में मशीनों के हाथ पांव फूल जाते हैं। यही नहीं, दिल्ली की सरकार अपने शिक्षा मॉडल का ढिंढोरा खूब पीटती है लेकिन अपने अब तक के कार्यकाल में वह एक भी नया स्कूल, एक भी नया कॉलेज या एक भी नया अस्पताल नहीं बना सकी है। दिल्ली में जल निकासी की व्यवस्था इतनी खराब है कि बारिश आने पर बेसमेंट में पानी भर जाने से छात्र डूब कर मर जाते हैं। यही नहीं, दिल्ली एमसीडी में आम आदमी पार्टी का शासन होने के बावजूद कूड़े के पहाड़ वहीं के वहीं हैं। इसके अलावा, अरविंद केजरीवाल भले इस समय मंदिर मंदिर जाकर हिंदुओं को लुभाने के प्रयास कर रहे हैं लेकिन तथ्य यह है कि आम आदमी पार्टी के शासन के दौरान ही हिंदू दीवाली पर पटाखे नहीं चला पाये। यह बात भी गौर करने लायक है कि आम आदमी पार्टी महिलाओं को अभी 1000 रुपए मासिक देने और चुनाव बाद 2100 रुपए देने की बात कर रही है लेकिन सवाल उठता है कि महिलाओं की सुध उसे अपने शासन की शुरुआत या मध्य में क्यों नहीं आई थी? यही नहीं, एक दारू की बोतल पर दूसरी दारू की बोतल फ्री देकर आम आदमी पार्टी ने महिलाओं का ही सिरदर्द सबसे ज्यादा बढ़ाया था। वैसे यहां सवाल आम आदमी पार्टी से ही नहीं है बल्कि दिल्ली के मतदाताओं से भी है। आम आदमी पार्टी के घोषणापत्र में किये गये फ्री के वादों को देखने की बजाय क्या किसी मतदाता ने इस सरकार का रिपोर्ट कार्ड देखा है। दिल्ली के मतदाताओं को यह जानकर हैरानी होगी कि अपने घोषणापत्र का प्रचार कर रही आम आदमी पार्टी की सरकार अपना रिपोर्ट कार्ड नहीं पेश कर रही है क्योंकि रिपोर्ट में दिखाने के लिए कुछ है ही नहीं। दिल्ली के मतदाताओं पर देश की नजर इसलिए भी है क्योंकि नवीनतम सांख्यिकीय पुस्तिका दर्शाती है कि साल 2023-24 में दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय 4,61,910 रुपये थी जो देश में गोवा और सिक्किम के बाद तीसरी सबसे अधिक है। यानि शहर की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय स्तर की प्रति व्यक्ति आय 1,84,205 रुपये से दोगुनी से भी अधिक थी।

दृष्टिकोण

# सीखने की नई संस्कृति की तलाश

थ्री इडियट फिल्म का डायलॉग, 'सक्सेस के पीछे मत भागो, काबिल बनो काबिल, सक्सेस झग मार के तुम्हारे पीछे आएगी', सही तरीके से काबिलियत के बलबूते हम अपना झंडा कहीं भी गाड़ सकते हैं। आज हमारे पास शैक्षणिक परिदृश्य में कोचिंग संस्थान एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह संस्थान छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हालांकि इन संस्थानों की शिक्षा प्रणाली में गहराई से झांकने पर यह स्पष्ट होता है कि यहां केवल रट्टा लगाने और अंक हासिल करने की प्रक्रिया को ही महत्व दिया जाता है। शिक्षा का मूल उद्देश्य : सोचने-समझने और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना, कहीं न कहीं पीछे छूट गया है। कोचिंग संस्थानों का मुख्य उद्देश्य छात्रों को परीक्षा में उच्चतम अंक दिलाना है। इसके लिए वे एक विशिष्ट पाठ्यक्रम और अभ्यास सामग्री तैयार करते हैं। लेकिन इस प्रक्रिया में छात्रों की वैकल्पिक सोच और कल्पना शक्ति का विकास नहीं हो पाता। कोचिंग संस्थानों में सीखने की प्रक्रिया इतनी यांत्रिक हो गई है कि यह रचनात्मकता और नवीन विचारों को दबा देती है। यहां हर छात्र को एक जैसा ज्ञान और एक जैसे तरीकों से तैयार किया जाता है, जिससे उनकी मौलिकता कहीं गुम हो जाती है। भारत में, जिसने असमान की ऊंचाई के ऊंचे ख्वाब देख रखे हैं, उन्हें इन सबसे जूझना पड़ रहा है। इंजीनियरिंग के लिए अत्यधिक प्रतिस्पर्धी संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) और मेडिकल की पढ़ाई के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) आईआईटी व एम्स में प्रवेश पाने के लिए लॉन्चपैड के रूप में काम करती है। यह उनके लिए आशाजनक करियर और सामाजिक स्थिति का टिकट है। प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए हर साल कम से कम दो लाख छात्र अकेले राजस्थान के कोटा में ही आते हैं। सबसे पहली बात, क्या हमारी इस सुप्रसिद्ध प्रतियोगी परीक्षा का सरलीकरण नहीं हो सकता है। क्यों 18 से 20 साल का विद्यार्थी अंत में आत्महत्या को मजबूर हो जाता है? क्यों हर साल स्कूलों में ये कोचिंग संस्थानों के लोग उन नाजुक विद्यार्थियों का ब्रेनवाश करने आ जाते हैं? अब समय आ गया है कि कोचिंग संस्थानों के ब्लैक एंड वाइट परिदृश्य को समझना होगा। हाल ही में आई रिपोर्ट के अनुसार, कोटा के छात्रों में मादक द्रव्यों का सेवन, नींद से जुड़ी समस्याएं और चिंता आम बात है। फिर, एक दिन उम्मीदों से बढ़ा प्रेशर कुकर फट जाता है और आसमान को छूने के सपने हाशिए में बदल जाते हैं। शिक्षा का असली उद्देश्य व्यक्ति के भीतर जिज्ञासा और रचनात्मकता को जगाना होता है। यह छात्रों को केवल विषय का ज्ञान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें समाज और जीवन के व्यापक संदर्भ में सोचने के लिए प्रेरित करना भी है। लेकिन कोचिंग संस्थान इस दृष्टिकोण से काफी दूर हैं। यहां शिक्षण प्रणाली इस प्रकार की है कि छात्रों का ध्यान केवल परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने पर केंद्रित होता है। ऐसे माहौल में, छात्र जीवन के अन्य पहलुओं पर ध्यान नहीं दे पाते। समस्या केवल कोचिंग संस्थानों की संरचना तक सीमित नहीं है। यह समस्या एक बड़ी शैक्षणिक व्यवस्था का हिस्सा है, जो अंकों और डिग्रियों को सफलता का पैमाना मानती है। इस प्रणाली ने शिक्षा को एक प्रतियोगिता बना दिया है, जिसमें केवल वही छात्र सफल माने जाते हैं जो परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। इस प्रतिस्पर्धी माहौल में छात्रों पर भारी दबाव रहता है। वे केवल अंक प्राप्त करने के लिए पढ़ाई करते हैं, न कि ज्ञान अर्जित करने के लिए। नीट और जेईई कोचिंग संस्थानों में आत्महत्या एक गंभीर मुद्दा है, जिसका मुख्य कारण छात्रों पर अत्यधिक मानसिक दबाव है। ये संस्थान छात्रों को कठोर प्रतिस्पर्धा के माहौल में डाल देते हैं, जहां सफलता को केवल अंकों और रैंक से मापा जाता है। अभिभावकों और समाज की उच्च अपेक्षाएं, लंबा अध्ययन समय और असफलता का डर छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को बुरी तरह प्रभावित करते हैं। दोस्ती और व्यक्तिगत समय की कमी के कारण वे भावनात्मक रूप से अलग-थलग महसूस करते हैं। इन सभी कारकों का संयोजन छात्रों को निराशा और अवसाद की ओर धकेलता है, जो कभी-कभी आत्महत्या का कारण बनता है। शिक्षा प्रणाली में इस कमी का प्रमुख कारण संस्थानों का पारंपरिक और सख्त ढांचा है। अधिकांश पाठ्यक्रम ऐसे बनाए गए हैं जो व्यावसायिकता पर जोर देते हैं और रचनात्मकता के लिए बहुत कम जगह छोड़ते हैं। उदाहरण के लिए कला, संगीत, साहित्य और थिएटर जैसे विषयों को या तो महत्व नहीं दिया जाता या फिर एक वैकल्पिक विषय के रूप में पढ़ाया जाता है। कोचिंग संस्थानों में सीखने की नई संस्कृति की तलाश में सबसे बड़ी बाधा यह है कि वहां रचनात्मकता और नवाचार को स्थान नहीं मिलता।

कुछ अलग

# सरकार का वक्तव्य

पिछली बार हमने जो वक्तव्य जारी किया था, वह कानून व व्यवस्था की स्थिति को लेकर था। उस वक्तव्य में हमने आपको बताया था कि कानून-व्यवस्था में कानून अपनी जगह होता है और व्यवस्था अपनी जगह। सरकार एक समय में एक ही चीज की गारंटी ले सकती है। यह गारंटी या तो कानून की हो सकती है या व्यवस्था की। जब दोनों ही चीजें बिगड़ जाएं तो सरकार कुछ नहीं कर सकती। सरकार ने और भी छत्तीस काम देखने होते हैं। लिहाजा सरकार को इस तरह के लफड़े में घसीटना तर्कसंगत नहीं है। हमें खुशी है कि पब्लिक ने हमारे इस वक्तव्य को अदरवाईज न लेते हुए हमें कोआपरेट किया। प्रिय पब्लिक, इस बार हम नया वक्तव्य लेकर आए हैं। यह वक्तव्य भी चकाचक है क्योंकि इसका आपसे बिल्कुल डायरेक्ट संबंध है। वक्तव्य महंगाई के बारे में है। महंगाई कहां से आई और कब तक रहेगी, यह हमारी सरकार के लिए निरंतर चिंतन का विषय है। इतना चिंतन तो सरकार अपनी पार्टी के नेताओं के भ्रष्टाचार में संलिप्त हो जाने को लेकर भी नहीं करती जितना महंगाई को लेकर कर रही है। यही नहीं, इस मुल्क में खाद्य वस्तुओं में मिलावट के साथ-साथ उनकी जमाखोरी व कालाबाजारी धड़ल्ले से होती है, अस्पतालों में डाक्टरों के इंतजार में मरीज दम तोड़ जाते हैं, तब भी सरकार इतना चिंतन नहीं करती। कैदी जेलों से भाग जाते हैं, तब भी सरकार चिंतन नहीं करती। क्योंकि इस बारे चिंतन करना पुलिस का काम होता है या जेल के स्टाफ का काम होता है। सरकार इस काम में अपनी टांग नहीं अड़ाती। सरकार सिर्फ अपनी टांगों की हिफाजत करती है क्योंकि विरोधी हर समय टांगें खींचते रहते हैं। सरकार सिर्फ महंगाई पर फोकस कर रही है और इसी से समझा जा सकता है कि सरकार महंगाई को लेकर कितनी संवेदनशील है। सरकार इससे ज्यादा क्या करे? प्रिय पब्लिक, आपको पता ही है कि जब किसी चीज की डिमांड बढ़ जाती है, तब उसके भाव भी बढ़ जाते हैं। उदाहरण के लिए जब कोई नेता चुनाव हार कर घर बैठ जाता है, तब उसके पास लोग प्रार्थनापत्र लेकर नहीं आते क्योंकि उस समय उसकी मार्केट वैल्यू जीरो होती है। जब किसी की मार्केट वैल्यू जीरो होती है तो उसे पब्लिक और ब्यूरोक्रेसी कोई भाव नहीं देती। लेकिन जब वही नेता चुनाव जीत जाता है तो उसकी डिमांड और मार्केट वैल्यू का सेंसेक्स रातों-रात उछाल मार लेता है। इसी तरह नेताजी की मार्केट वैल्यू की तर्ज पर खाद्य वस्तुओं की वैल्यू भी बढ़ी हुई है। जब लोगों को सरकार द्वारा प्रोवाइड की जा रही खाद्य वस्तुएं ज्यादा स्वादिष्ट लग रही हैं तो वे ज्यादा मुंह मार रहे हैं। चूंकि मुल्क में लोकतंत्र है और सबको खाने का हक है, इसलिए सरकार लोगों के मौलिक अधिकारों में दखल नहीं देती जिस कारण चीजें महंगी हो रही हैं और सरकार देखते रह जा रही है। सरकार की अपनी सीमाएं हैं। अपनी मजबूरियां भी हैं। सरकार मुल्क में आए दिन हो रही लूटपाट, बलात्कार, घोटाले, हड़तालें और चक्का जाम देखे कि महंगाई देखे या अपनी ही पार्टी को पार्टी में रहकर डंडा दे रहे विधायकों को देखे। सरकार की इतनी सारी आंखें थोड़ी हैं। मुल्क में देखने के लिए इतना कुछ है कि सरकार अगर सब कुछ देखने लग जाए तो फिर सरकार के काम कौन देखेगा? सरकार चूंकि पब्लिक ने बनाई है और पब्लिक चूंकि महंगाई की शिकायत कर रही है, इसलिए फिलहाल सरकार बाकी सारे काम धाम छोडक़र महंगाई की तरफ देख रही है। पब्लिक को निश्चिंत हो जाना चाहिए। जब सरकार देख रही है तो इसका साफ मतलब है कि सरकार देखने के बाद कुछ ठोस कदम भी उठाएगी और जब सरकार ठोस कदम उठाएगी तो महंगाई की ऐसी तैसी फिर जाएगी। आज के वक्तव्य के जरिए हम यह बताना चाहते हैं कि सरकार ठोस कदम उठाने से पहले यह देख रही है कि भारतीय जनमानस पर महंगाई का कितना असर होता है और पब्लिक किस सीमा तक महंगाई बर्दाश्त कर सकती है।

देश दुनीया से

# कांग्रेस-आप सत्ता संघर्ष के मायने

देशहित देशहित के नाम पर सत्ता संघर्ष में लगे इंडिया गठबंधन में अब रस्मी अदायगी मात्र बची है। दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव में इस गठबंधन की रही-सही कसर भी पूरी कर दी है। दिल्ली में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का हिस्सा आम आदमी पार्टी न सिर्फ एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबला कर रही हैं, बल्कि सत्ता की इस दौड़ में दोनों दलों के नेता एक-दूसरे की छिछालेदार करने में भी पीछे नहीं हैं। दिल्ली के सीलमपुर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विधानसभा चुनाव के लिए पहली रैली के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रणनीति को बीजेपी जैसा बताया। क्षेत्रीय स्तर पर कांग्रेस नेता अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बोलते रहे हैं, लेकिन यह पहला मौका था जब राहुल गांधी ने सीधे तौर पर अरविंद केजरीवाल पर वार किए। पिछले कई दिनों से दोनों ही राजनीतिक दल एक-दूसरे पर बीजेपी से मिले होने का आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस और आप आपस में ही जब विरोधी की भूमिका निभा रही हैं, ऐसे में भाजपा को दोनों के खिलाफ ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ रही है। भाजपा दोनों ही दलों की चुटकियां लेकर गठबंधन की खिल्ली उड़ाने में लगी है। राहुल गांधी ने कहा कि केजरीवाल जी आए और कहा कि दिल्ली साफ कर दूंगा, भ्रष्टाचार मिटा दूंगा, पेरिस बना दूंगा। अब हालात ऐसे हैं कि भयानक प्रदूषण है। लोग बीमार रहते हैं। लोग बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। जैसे मोदी जी झूठे वादे और प्रचार करते हैं, वैसे ही झूठे वादे केजरीवाल करते हैं। उन्होंने कहा कि इन दोनों में कोई फर्क नहीं है। उन्होंने कहा कि जब मैं जातिगत जनगणना की बात करता हूं, तो नरेंद्र मोदी जी और केजरीवाल जी के मुंह से एक शब्द नहीं निकलता। ऐसा इसलिए क्योंकि दोनों चाहते हैं कि देश में पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को भागीदारी नहीं मिले। राहुल गांधी के बयान पर आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी पलटवार किया और कहा कि राहुल गांधी ने उन्हें गाली दी। केजरीवाल ने यह भी कहा है कि उन्होंने राहुल गांधी पर एक लाइन बोली, लेकिन जवाब बीजेपी वालों की ओर से आ रहा है। करीब सात महीने पहले ही दोनों पार्टियां लोकसभा चुनाव एक ही गठबंधन में रहकर लड़ी थीं, हालांकि उसके बाद हरियाणा विधानसभा चुनाव दोनों अलग-अलग लड़े, लेकिन शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर ऐसे जुबानी हमले पहले सुनाई नहीं पड़े थे। केजरीवाल ने कहा कि क्या बात है...मैंने राहुल गांधी जी पर एक ही लाइन बोली और जवाब बीजेपी वालों से आ रहा है। बीजेपी को देखिए कितनी तकलीफ हो रही है। गौरतलब है कि कांग्रेस की देश से सत्ता समटेने में जो भूमिका भाजपा ने निभाई है, उसमें आप पार्टी का योगदान भी कम नहीं है। हाल ही में हुए कुछ राज्यों के विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन के बाद आप को एहसास हो गया कि किसी भी तरह का गठबंधन करने से उसे नुकसान ही होगा। दिल्ली की राजनीति में एक मजबूत ताकत रही कांग्रेस पार्टी पिछले दो विधानसभा चुनावों में अपना खाता तक नहीं खोल पाई। वर्ष 2013 में नवगठित आम आदमी पार्टी की सरकार बनने से पहले कांग्रेस ने लगातार पंद्रह साल दिल्ली पर राज किया। कांग्रेस भरसक कोशिश कर रही है कि किसी भी तरह सत्ता वापस मिल जाए, हालांकि आप और भाजपा की दमदार मौजूदगी में इसकी संभावना कम नजर आती है। कांग्रेस दिल्ली में अपने शीर्ष पर थी, तब उसके पास 40 फीसदी तक का वोट शेयर था। लेकिन 2020 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस सिर्फ 4.26 प्रतिशत ही वोट हासिल कर सकी। इससे पहले साल 2015 में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने 9.7 प्रतिशत वोट हासिल किए थे। कांग्रेस 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से वजूद में आई आम आदमी पार्टी कांग्रेस की राजनीतिक ताकत खत्म कर सत्ता तक पहुंची है। आम आदमी पार्टी की फ्री बिजली, फ्री पानी, शिक्षा में सुधार और स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करने की योजनाओं ने गरीब और मध्यमवर्ग के मतदाताओं को आकर्षित किया। इस वोटर वर्ग के छिटकने से कांग्रेस दिल्ली की राजनीति में और भी अलग-थलग पड़ गई। भाजपा भी इस वोट बैंक में सेंध लगाने की भरसक कोशिश में लगी हुई है। इसके बावजूद कांग्रेस और भाजपा को आप के खिलाफ विधानसभा चुनावों में सफलता नहीं मिल सकी। दरअसल सत्ता की जो लड़ाई कांग्रेस दिल्ली में भाजपा से लड़ रही है, वही दूसरे राज्यों में दूसरे दलों से लड़ती रही है। यही वजह रही कि इंडिया गठबंधन तिनके की तरह बिखरता रहा है। लोकसभा चुनाव और बाद में हुए राज्यों के चुनावों में कांग्रेस को जो सफलता मिली भी तो गठबंधन के घटक दलों को उसकी कीमत चुकानी पड़ी। ऐसे में घटक दल भी कांग्रेस को फूटी आंख नहीं सुहा रहे हैं। इंडिया गठबंधन के दलों ने कांग्रेस से चुनावी गठबंधन के प्रयास किए, किन्तु एकता की रस्सी सिरे नहीं चढ़ पाई। इंडिया गठबंधन अस्तित्व में आने के बाद से अस्तित्व बचाने की लड़ाई से जूझ रहा है। दिल्ली विधानसभा चुनावों में ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस और उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी ने आप को समर्थन दिया है। यह कांग्रेस को रास नहीं आ रहा है कि गठबंधन के दल ही उसके खिलाफ हो जाएं। इंडिया गठबंधन के तहत एक साथ लोकसभा चुनाव लडऩे वाली आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पार्टी अब अलग-अलग चुनाव लड़ रही हैं और एक-दूसरे पर आक्रामक हैं। दिल्ली में चुनाव अभियान के तेज होते ही कांग्रेस पार्टी अचानक आम आदमी पार्टी पर हमलावर हुई है। पार्टी के जमीनी नेताओं से लेकर बड़े नेता तक, सीधे आम आदमी पार्टी पर निशाना साध रहे हैं।

दिल्ली में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का हिस्सा आम आदमी पार्टी न सिर्फ एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबला कर रही हैं, बल्कि सत्ता की इस दौड़ में दोनों दलों के नेता एक-दूसरे की छिछालेदार करने में भी पीछे नहीं हैं। दिल्ली के सीलमपुर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विधानसभा चुनाव के लिए पहली रैली के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रणनीति को बीजेपी जैसा बताया। क्षेत्रीय स्तर पर कांग्रेस नेता अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बोलते रहे हैं, लेकिन यह पहला मौका था जब राहुल गांधी ने सीधे तौर पर अरविंद केजरीवाल पर वार किए। पिछले कई दिनों से दोनों ही राजनीतिक दल एक-दूसरे पर बीजेपी से मिले होने का आरोप लगा रहे हैं।

आप का नजरीया

# भारत से लड़कर क्या पाना चाहते हैं राहुल गांधी

कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने अपने विवादास्पद बयान से एक बार फिर कांग्रेस के सामने मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। दिल्ली में कांग्रेस के नवनिर्मित भव्य मुख्यालय के उद्घाटन प्रसंग पर राहुल गांधी ने कहा कि "अब हम बीजेपी और आरएसएस से ही नहीं, बल्कि इंडिया स्टेट से लड़ रहे हैं"। उनके इस विवादास्पद बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी हमलावर हो गई है, जो कि स्वाभाविक ही है। भाजपा सहित अन्य कई राजनीतिक विश्लेषक पहले से आरोप लगाते आ रहे हैं कि कांग्रेस को अब पूरी तरह से अर्बन नक्सल सोच चला रही है। भाजपा ने तो राहुल गांधी और जॉर्ज सोरोस के बीच राजनैतिक समझौते की आशंका भी जताई है। इन आरोपों की पुष्टी नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का उपरोक्त बयान करता दिख रहा है। उल्लेखनीय है कि 2006 में जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तब गृह मंत्रालय ने 'लेफ्ट विंग एक्ट्रीमिज्म डिविजन' बनाया था। इसकी प्रस्तावना में ही कांग्रेस की सरकार ने माना था कि माओवादी 'इंडिया स्टेट' के खिलाफ तथाकथित 'पीपल्स वॉर' चला रहे हैं। 'इंडिया स्टेट से लड़ाई' यह शब्दावली या अवधारणा का उपयोग कोई राष्ट्रभक्त व्यक्ति या संस्था नहीं करती है। अपितु अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठन आईएसआईएस भी कहता है कि वे इंडिया स्टेट से युद्ध कर रहे हैं। आतंकी गिरोह हिजबुल मुजाहिदीन की शब्दावली भी यही है कि वह इंडिया स्टेट से युद्ध कर रहा है। पाकिस्तान ने भी इंडिया स्टेट से युद्ध छेड़ रखा है। अन्य चरमपंथी संगठन भी अपने काडर को यही सिखाते हैं कि हमारी लड़ाई इंडिया स्टेट से है। स्पष्ट है कि इंडिया स्टेट से लड़नेवाली ताकतें भली नहीं हैं। कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि राहुल गांधी किस इंडिया स्टेट से लड़ रहे हैं और उनकी मंशा क्या है? एक तरह से यह अराजक विचार है। वर्षों तक देश पर शासन करनेवाली राजनीतिक पार्टी भारत सरकार से लड़ने का विचार मन में भी कैसे ला सकती है? एक बार फिर यह भी साबित होता है कि राहुल गांधी और कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करते-करते इतना आगे निकल आए हैं कि उन्हें मोदी विरोध और देश विरोध में अंतर ही समझ नहीं आता है। इस बयान पर भाजपा कांग्रेस और राहुल गांधी को आसानी से बचकर नहीं निकलने देना चाहेगी। क्योंकि समाज में पिछले कुछ समय से यह धारणा तो बन ही गई है कि कांग्रेस एवं राहुल गांधी न केवल हिन्दू धर्म के विरुद्ध हैं अपितु यह बाहरी ताकतों के साथ मिलकर भारत को कमजोर करना चाहते हैं। चीन के राजनयिकों से गुपचुप मुलाकात और चीनी पार्टी के साथ गोपनीय समझौते की बात हो या फिर विदेशी दौरों के दौरान भारत विरोधी चेहरों के साथ राहुल गांधी की नजदीकी, जनता के मन में कुछ सवाल तो उत्पन्न होते हैं। उस पर राहुल गांधी बीच-बीच में इस प्रकार के बयान देकर जनता के संशय को पुष्ट करने का काम करते हैं।

## यमुनानगर में किसानों ने बैठक में बनाई ट्रैक्टर प्रदर्शन की रणनीति



**यमुनानगर ( हिंस )।** संयुक्त किसान मोर्चा जिला यमुनानगर की एक बैठक अखिल भारतीय किसान सभा (अजय भवन) के राज्य उपाध्यक्ष धर्मपाल सिंह चौहान की अध्यक्षता में न्यायिक परिसर जगाधरी में हुई। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि 26 जनवरी को बिलासपुर व रादौर में ट्रैक्टर/वाहन मार्च निकाल कर प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी तैयारी के लिए 21 जनवरी को रादौर में और 23 जनवरी को बिलासपुर में बैठक की जाएगी। शनिवार को किसान नेताओं ने बैठक को संबोधित करते हुए मांग की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकतंत्र का सम्मान करते हुए किसान संगठनों की मांगों बारे किसान नेताओं से बात करें। जगजीत सिंह डल्लेवाल की जान बचायें। किसान विरोधी संघ विरोधी एनपीएफएम को तुरंत वापस लें। किसानों और खेत मजदूरों की कर्ज माफी के लिए व्यापक योजना बनाएं। बिजली का निजीकरण बंद करें, स्मार्ट मीटर योजना बंद करें। 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध करवाई जाए। भूमि अधिग्रहण कानून 2013 को लागू करें व कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति रूपरेखा को वापस लें। मंहगाई कम करने के लिए पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस आदि की कीमत कम करके जनता को राहत देने का काम करें। किसान नेताओं ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय और राष्ट्रपति किसान नेताओं की जान बचाने के लिए हस्तक्षेप करने में सक्षम नहीं है। केंद्र सरकार किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी और युवाओं के लिए उत्पादक रोजगार को नष्ट करके कृषि उद्योग और सेवाओं पर अपना प्रभुत्व थोपना पर तुले हुए हैं। कॉर्पोरेट समर्थक कानून की एक श्रृंखला के माध्यम से लोगों की आजीविका दांव पर है, जिसमें कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति रूपरेखा नवीनतम हमला है जो कि भारत के संघीय ढांचे को चुनौती देता है।

# पूरे देश में जातिगत जनगणना होनी चाहिए : राहुल गांधी

**पटना ( हिंस )।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि बिहार पेपर लीक का सेंटर बन गया है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में जातिगत जनगणना होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने बजट में पिछड़े समुदाय के प्रतिनिधित्व पर भी सवाल उठाया। एक दिवसीय बिहार दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी पटना के बापू सभागार में *संविधान सुरक्षा सम्मेलन* को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में जाति जनगणना कराने बाद विकास उसी के अनुसार होना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि इससे पता चलेगा कि किसकी कितनी आबादी है। नौकरशाही, शैक्षणिक संस्थानों और निजी कंपनियों में उनकी कितनी भागीदारी है। साथ ही उन्होंने कहा कि अंबानी और अडानी को सत्ता दे दी गई है। राहुल गांधी ने बजट में पिछड़े समुदाय के प्रतिनिधित्व पर सवाल उठाया और कहा, केंद्र सरकार के 90 वरिष्ठ अधिकारी देश के बजट पर निर्णय लेते हैं। इनमें दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों की भागीदारी 10 प्रतिशत भी नहीं है जबकि भारत की आबादी में इन वर्गों की हिस्सेदारी 90 प्रतिशत है। लोकसभा में विरोधी दल के नेता राहुल गांधी ने कहा कि इस किताब (भारत के संविधान) में कहां लिखा है कि भारत की सारी संपत्ति सिर्फ दो-तीन लोगों के हाथ में चली जानी चाहिए। आज के भारत में



विधायकों और सांसदों के पास कोई शक्ति नहीं है। जब मैं पिछड़े समुदाय, दलितों, आदिवासियों से ताल्लुक रखने वाले भाजपा सांसदों से मिलता हूं, तो वे कहते हैं कि हमें पिंजरे में डाल दिया गया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि हम चाहते हैं कि जैसे गंगा का पानी हर जगह बहता है, वैसे ही संविधान की विचारधारा भी देश के हर व्यक्ति, हर संस्थान तक पहुंचे। भारत के हर संस्थान से डॉ. बीआर अंबेडकर, भगवान बुद्ध और महात्मा गांधी की विचारधारा को मिटाया जा रहा है। इससे पहले राहुल गांधी आज सुबह पटना के जय प्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। यहां बिहार कांग्रेस प्रमुख अखिलेश प्रसाद सिंह और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

## जमीन का अधिकार देकर गरीब को बनाया आर्थिक रूप से सशक्त : टाक



**जयपुर ( हिंस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वर्चुअल माध्यम से भारत के 10 राज्यों तथा दो केंद्र शासित प्रदेशों के 51411 राजस्व ग्रामों में कुल 58 लाख पटटे एवं प्रॉपर्टी पार्सल वितरण कर लाभान्वित किया। इस दौरान उन्होंने योजना के अंतर्गत लाभार्थियों से संवाद भी किया। डूंगरपुर जिले का जिलास्तरीय कार्यक्रम पंचायत समिति सागवाड़ा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि श्री यादे माटी कला बोर्ड राजस्थान के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक व राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया थे। इस मौके पर प्रहलाद राय टाक ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने प्रथम कार्यकाल से ही गांव को विकास का केंद्र बिंदु मानकर महिलाओं के सशक्तीकरण को प्राथमिकता दी। उन्होंने उज्जवला योजना, जन धन योजना, लखपति दीदी जैसी योजनाओं से महिलाओं को सशक्त बनाया है। इससे महिलाओं में आत्मनिर्भरता भी बढी है और आज स्वामित्व योजना के माध्यम से गरीब एवं वंचित व्यक्ति को भी उसकी जमीन का अधिकार देकर उसे आर्थिक रूप से सशक्त बनाया गया है। उन्होंने इस योजना हेतु प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि विधायक सागवाड़ा शंकरलाल डेचा, जिला प्रमुख सूर्या अहारी, प्रधान सागवाड़ा ईश्वर सरपोटा, उप प्रधान नरेश पाटीदार मौजूद रहे। इस मौके पर अतिथियों द्वारा प्रतीकात्मक रूप से पटटे एवं प्रॉपर्टी पार्सल वितरण किया गया।

# कालीबाई भील की धरती राजस्थान में महिला शिक्षा का गला घोंट रही है भाजपा : गहलोत

**जयपुर ( हिंस )।** माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने 260 स्कूलों को उच्च माध्यमिक स्कूलों में समाहित करने के आदेश दिए जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भजनलाल सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कालीबाई भील की धरती राजस्थान में भाजपा महिला शिक्षा का गला घोंट रही है। गहलोत ने एक्स पर लिखा कि अच्छी नामांकन संख्या वाले स्कूलों को बन्द करना भाजपा की महिला शिक्षा पर सर्जिकल स्ट्राइक है। इनका छिपा हुआ एजेंडा सामने आ रहा है, ये नहीं चाहते कि लड़कियां पढ़ें-लिखें और आगे बढ़ें। हमारी सरकार ने बालिकाओं के ड्रॉप आउट रेट को कम से कम करने के लिए कम नामांकन होने पर भी स्कूलों को चालू रखा जिससे एक भी बच्ची को पढ़ाई ना छोड़नी पड़े। हमने नीति बनाई कि जिन स्कूलों में 11वीं तथा 12वीं कक्षा में बालिकाओं का नामांकन 500 से अधिक होगा वहां कॉलेज खोल दिया जाएगा। हमारा प्रयास था कि बालिकाओं को पढ़ाई के अधिक से अधिक मौके दिए जाएं। भाजपा की अदूरदर्शी नीतियां राजस्थान को पीछे की ओर ले जा रही हैं। इसका खामियाजा उन



बच्चियों को भुगतना पड़ रहा है जिनके शिक्षा के केंद्रों पर ताला लगाया जा रहा है। प्रदेश में स्कूलों को मर्ज करने के सरकारी फैसले की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी निंदा की है। डोटासरा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा प्रणाली में सुधार एवं विस्तार करने की जगह स्कूल बंद करने का काम कर रही है। शिक्षा प्रणाली में सुधार, नवाचार एवं विस्तार करने की जगह भाजपा सरकार हमेशा स्कूलें बंद करने का काम करती हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में एक भी बालिका विद्यालय को बंद नहीं किया जबकि भाजपा सरकार एक साल में 450 स्कूलों को बंद कर चुकी है। डोटासरा ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि भाजपा सरकार की नाकामी से प्रदेश की जनता में भय का वातावरण और अपराधियों का तांडव जारी है। जयपुर में उप मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में महिला की दिनदहाड़े हत्या और लूट की वारदात शर्मनाक एवं कमजोर कानून व्यवस्था का प्रमाण है। भाजपा सरकार की शिक्षा नीति को लेकर मैं बहुत चिंतित हूं। वे हमेशा स्कूलें बंद करने का काम करती हैं, जो कि शिक्षा प्रणाली में सुधार, नवाचार एवं विस्तार करने की जगह है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में एक भी बालिका विद्यालय को बंद नहीं किया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार की शिक्षा नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे गरीब और कमजोर वर्ग के बच्चों को सबसे नुकसान होगा। स्कूलों को बंद करना निंदनीय है। सरकार को चाहिए कि वह स्कूलों को बंद करने की जगह इनमें सुधार और विस्तार पर ध्यान दें।

## जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के केंद्र में होंगे कला-सत्र

**जयपुर ( हिंस )।** जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का बहुप्रतीक्षित 2025 संस्करण 30 जनवरी से 3 फरवरी तक जयपुर के होटल क्लार्क्स आमेर में आयोजित होगा। किताबों और विचारों के भव्य उत्सव के रूप में जाना जाने वाला दुनिया का सबसे बड़ा लिटरेचर फेस्टिवल रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए एक शानदार मंच होगा। हर साल की तरह इस साल भी कला, जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के केंद्र में होगी। कला का अर्थशास्त्र: नीति, नवाचार और समावेशन की भावना से ओतप्रोत एक शानदार पैनल, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात के राज्य मंत्री नूरा बिन्त मोहम्मद अल काबी, ब्रिटिश काउंसिल के सीईओ स्कॉट मैक्डोनाल्ड, ललित कला संग्रहालय, ह्यूस्टन के निदेशक गैरी टिनटेरोऔर मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्टके सीईओ मैक्सहॉलेइन जैसे विद्वानों से सजे इस सत्र में सूत्रधार की भूमिका में होंगे फेस्टिवल की निर्माता टीमवर्क आर्ट्स के प्रबंध निदेशक संजॉय के. रॉय। इस सत्र में चर्चा का मुख्य बिंदु होगा- कैसे सरकारी पहल, फंडिंग और सार्वजनिक-निजी भागीदारी, स्थायी और रचनात्मक अर्थव्यवस्थाओं को आकार दे सकती है। विशेष रूप से भारत में सांस्कृतिक नवाचार, सार्वजनिक कूटनीति और संरक्षण को बढ़ावा देने के विषय पर महत्वपूर्ण चर्चा होगी। प्राचीन बौद्ध चित्रकला नामक सत्र में अजंता की गुफाओं के भित्तिचित्रों पर प्रसिद्ध कला इतिहासकार बेनॉय के. बहल के साथ फेस्टिवल के सह-निदेशक विलियम डैलरिम्पल बात करते हुए भित्तिचित्रों के वैश्विक प्रभाव और ऐतिहासिक महत्व पर चर्चा करेंगे। पुलित्जर पुरस्कार विजेता लेखक बेंजामिन मोजर दो सत्रों में दर्शकों को डच कला और संस्कृति की मोहक दुनिया की यात्रा पर ले जाएंगे। द अपसाइड-डाउन वर्ल्ड: मीटिंग विद द डच मास्टर्स में कला इतिहासकार गैरी टिनटेरो उनकी 20 सालों की नीदरलैंड्स यात्रा पर बात करते हुए डच कला और इतिहास पर चर्चा करेंगे। नीदरलैंड्स दूतावास के सहयोग से प्रस्तुत एक अन्य सत्र इट्स डच टू मी में मोजरऔर ईरानी-डच लेखक कादर अब्दुल्ला डच कला और भाषा की स्थायी से परिचित कराएंगे। फेस्टिवल में कला पर दो किताबों के प्रथम संस्करण का लोकार्पण भी होगा। देवी एंड हर अवताराज किताब के लोकार्पण के अवसर पर अलका पांडे, बुलबुल शर्मा, और वायु नायडू के साथ बातचीत में मालाश्री लाल, भारतीय पौराणिक कथाओं और कला में एक शक्तिशाली रचनात्मक शक्ति के रूप में स्त्री की खोज पर बात करेंगे। हर्षा दहेजिया की किताब द थर्ड आई ऑफ इंडियन आर्ट का लोकार्पण भी होगा। भारतीय कला के आध्यात्मिक और दार्शनिक आयामों पर बात करने वाली यह किताब इसके सांस्कृतिक और प्रतीकात्मक महत्व में नई दृष्टि की खोज करती है। इस किताब पर हर्षा दहेजिया से बातचीत करेंगे बेनॉय के. बहल। द ओजस आर्ट अवार्ड खंड में डो किताबों पर बात होगी: प्रशंसित ग्राफिक उपन्यासकार और कलाकारअभिषेक सिंह की हाइम्स ऑफ मेधिनी, और दूसरी किताब अनॉदर मास्टर: राम सिंह उर्वेती, जो कि गोंड कलाकार राम सिंह उर्वेती की असाधारण कलात्मक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए स्वदेशी कला परंपराओं में उनके योगदान की चर्चा करती है।

अनिल विज का सुझाव

## जांच पूरी होने तक अध्यक्ष पद से इस्तीफा दें बड़ौली

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली पर लगे दुष्कर्म के आरोपों की जांच पूरी होने तक पद से इस्तीफा देने का सुझाव दिया है। विज ने शनिवार को पत्रकारों से कहा कि मोहन लाल कह रहे हैं कि वह निर्दोष हैं और जो गवाह थी उसने भी कहा कि वह निर्दोष हैं। विज ने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि हिमाचल पुलिस की जांच में वे निर्दोष साबित होंगे, लेकिन जब तक बड़ौली हिमाचल पुलिस की जांच में निर्दोष साबित नहीं हो जाते, तब तक उनको प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि बड़ौली पर दुष्कर्म का आरोप लगने के बाद विपक्षी दल उन पर हमलावर हैं और उनको पद से हटाए जाने की मांग कर रहे हैं।

## खनौरी में किसान संगठनों की बैठक में हो सकता है बड़ा फैसला

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के खनौरी बॉर्डर पर आज संघर्ष मोर्चे में शामिल किसानों तथा संयुक्त किसान मोर्चा के बीच अहम बैठक होने जा रही है। इस बैठक में बड़ा फैसला लिए जाने के कयास लगाए जा रहे हैं। किसान साझा रणनीति बनाकर संघर्ष का ऐलान करेंगे। इससे पहले भी किसानों के सभी संगठनों के बीच पहले दौर की वार्ता हो चुकी है। खनौरी बॉर्डर में किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन का आज 54वां दिन है। गुरुवार रात से डल्लेवाल को 3-4 बार उल्टियां आ चुकी हैं। आज सुबह भी डल्लेवाल की तबियत बगड़ी। आज खनौरी और शंभू मोर्चे के नेताओं और संयुक्त किसान मोर्चो के नेताओं की पटियाला के पातका में मीटिंग होगी।

# सीएम ने नहीं किया मेरा इस्तीफा स्वीकार, एसआई भर्ती पर जल्द लेना चाहिए निर्णय : किरोड़ी लाल

**अलवर ( हिंस )।** कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीना ने एसआई परीक्षा रद्द होने को लेकर बयान दिया है। उन्होंने एसआई परीक्षा मामले को लेकर कहा कि एसओजी ने रिपोर्ट दी है कि परीक्षा रद्द होनी चाहिए और हाईकोर्ट भी यही चाहता है। अब जनता का मन बन गया कि पेपर रद्द होना चाहिए। इस बात को लेकर मुख्यमंत्री को भी निर्णय लेना चाहिए कि पेपर रद्द हो। किरोड़ी लाल मीना ने शनिवार को अलवर में स्वामित्व योजना को लेकर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। कृषि मंत्री मीणा ने कहा कि एसओजी, पुलिस मुख्यालय, एडवोकेट जनरल एवं कैबिनेट उप समिति ने भी एसआई भर्ती रद्द करने की बात कही है। हाईकोर्ट ने भी ऐसी ही मंशा जताई है। पहले ही दिन से यह बात कही जा रही थी कि एसआई भर्ती को रद्द किया जाए। परीक्षार्थी बेल आउट होने के बाद ज्वाइन करने के लिए चले गए। राजस्थान में सर्वमान्य जनता का मत बन गया कि एसआई भर्ती परीक्षा रद्द होनी चाहिए। जन भावना के अनुकूल ही प्रदेश के मुख्यमंत्री को इस पर निर्णय लेना चाहिए। मीणा ने कहा कि मैं अब भी सरकार में मंत्री हूं। मैंने पूर्व में अपने पद से इस्तीफा दिया था, लेकिन अभी तक मुख्यमंत्री ने स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि वे अब भी अपने विभाग की जरूरी फाइलों व कामकाज को देखते हैं। विभाग में कामकाज बिल्कुल ठीक चल रहा है। उन्होंने कहा कि चाहे मैं चुनाव जीतू या चुनाव हारूं, मैं जनता के बीच हूं और हमेशा घूमता रहता हूं। उन्होंने बरसात से फसलों को नुकसान पर कहा कि अगर कोई पटवारी घर बैठे रिपोर्ट बना रहा है तो सूचना मिलने पर उस पर भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पंचायत चुनाव को लेकर कहा कि पहले समिति बनेगी, उसके बाद निर्णय किया जाएगा। कोई भी प्राकृतिक आपदा हो, सरकार फसल की गिरदावरी रिपोर्ट मंगवाती है। मावठ से हुए नुकसान की गिरदावरी की रिपोर्ट को लेकर अभी कोई शिकायत सरकार को नहीं मिली है। यदि ऐसी कोई शिकायत आती है, तो उसकी जांच कराई जाएगी। गिरदावरी की रिपोर्ट के अनुसार ही किसानों को फसल नुकसान का मुआवजा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि कोई भी योजना ओवरऑल बनती है। सीएम ने विभिन्न वर्गों के साथ बजट के लिए चर्चा का दौर शुरू कर दिया है। चर्चा के दौरान बजट का प्रावधान रखा जाएगा और विकास कार्य कराएंगे। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि कोई ऐसी घटना जो सरकार के लिए दुखदायी बने, ऐसी घटना की सरकार को जानकारी देना मेरा कर्तव्य बनता है। इसको यह नहीं मानकर चलना चाहिए कि मैं सरकार के खिलाफ बोलता हूं। मेरी ओर से सिर्फ सरकार को जानकारी दी जाती है। कृषि मंत्री ने कहा कि इस साल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर डीएपी की उपलब्धता कम रही, जिसके चलते भाव ज्यादा रहे। इससे किसानों को डीएपी की कुछ कमी हुई, लेकिन बाद में इसको सुधार लिया गया।

## घरौनी बनाने में ड्रोन दीदी का भी लें सहयोग : सीएम योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ ( हिंस )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देशभर में 2 करोड़ 23 लाख से अधिक घरौनियां बनायी गयी हैं जबकि अकेले उत्तर प्रदेश में 1 करोड़ 50 हजार से अधिक घरौनियां बनाई गईं। इनमें से 37 हजार से अधिक गांव की 55 लाख 14 हजार से अधिक घरौनियों को पहले ही वितरण किया जा चुका है। वहीं आज शनिवार को 29 हजार से अधिक गांव की 45 लाख 35 हजार से अधिक घरौनियों का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण कार्यक्रम के मौके पर कहा कहा कि इससे गांवों में प्रापर्टी को लेकर होने वाले विवादों में कमी आयी है। पहले दबंग कमजोर व्यक्ति की जमीन पर कब्जा कर लेता था, लेकिन पहली बार तकनीक का उपयोग करते हुए ड्रोन सर्वे के माध्यम से गांवों में घरौनी (कानूनी दस्तावेज) के जरिये घर का मालिकाना हक दिया जा रहा है, जिसे अब कोई भी दबंग नहीं छीन सकेगा। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली बटन दबाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न राज्यों के लाभार्थियों से संवाद भी किया। वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर कई लाभार्थियों को घरौनी वितरित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम में घरौनी के लाभार्थियों से संवाद कर उनसे इसके लाभ के बारे में जानकारी हासिल की। लाभार्थियों ने बताया कि उनको कानूनी दस्तावेज के रूप में घरौनी मिलने से व्यापार करने के लिए आसानी से बैंक से लोन मिल रहा है। साथ ही भूमि संबंधी विवाद भी खत्म हो गया है। पीएम ने कार्यक्रम में 4 राज्य और एक केंद्र शासित प्रदेश के लाभार्थी से संवाद किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घरौनियों के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पहले गरीब की 3 से 4 फुट जमीन दबंग इधर-उधर करके कब्जा कर लेते थे। वहीं स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन सर्वे के जरिये गरीबों को उनका हक दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ड्रोन सर्वे के जरिये गरीबों को उनका वास्तविक हक दिलाया है। सीएम ने कहा कि अब तक एक करोड़ से अधिक लोगों को घरौनी वितरित की जा चुकी है।

## जैसलमेर में अब तक 27 कुरजां, एक कोयल और एक यूरेशियन कल्चर पक्षी की मौत

**जैसलमेर ( हिंस )।** पश्चिमी राजस्थान के जैसलमेर जिले को इन दिनों बर्ड फ्लू के कहर का सामना कर रहा है। जिले में लगातार पक्षियों की मौत हो रही है, जिससे प्रशासन और संबंधित विभागों में हड़कंप मचा हुआ है। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. उमेश वरगंटीवार ने बताया कि पहले देगराय ओरण इलाके में मृत कुरजां पक्षी पाए गए थे, जिसके बाद लगातार पक्षियों की मौत का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। 11 जनवरी के बाद अब तक 27 कुरजां, एक कोयल और एक यूरेशियन कल्चर पक्षी की मौत हो चुकी है। इसके बाद प्रशासन और पशुपालन विभाग ने मृत पक्षियों के शवों को दफनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और दो कुरजां के शवों के सैंपल भोपाल स्थित निषाद लैब भेजे गए हैं। जिले में बर्ड फ्लू के फैलने की पुष्टि होने के बाद वन और पशुपालन विभाग की टीमें पूरी तरह अलर्ट हो गई हैं। डॉ. उमेश ने बताया कि भोपाल से आई रिपोर्ट में यह पुष्टि हुई है कि मृत कुरजां पक्षियों में बर्ड फ्लू का संक्रमण फैल चुका है। इसके बाद विभाग की टीमें लगातार फील्ड में स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और सभी स्थानीय अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। विभाग ने अब तक बर्ड फ्लू के संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए कई उपाय किए हैं। उन्होंने बताया कि बर्ड फ्लू के



संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए विभाग राज्य सरकार के प्रोटोकॉल के अनुसार मृत पक्षियों के शवों का निस्तारण कर रहा है। मृत पक्षियों को दफनाने के बाद उस स्थान पर आवश्यक दवाइयों का छिड़काव भी किया जा रहा है, ताकि संक्रमण का प्रसार रुक सके। इसके अलावा प्रशासन ने उन क्षेत्रों में जहां मृत पक्षियों के शव मिले हैं, वहां सुरक्षा कड़ी कर दी है। पुलिस, वन विभाग और सिविल डिफेंस की टीमें लगातार गश्त कर रही हैं और बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही जिन तालाबों के आसपास मृत पक्षियों के शव पाए गए हैं, वहां के पानी का उपयोग करने से लोगों और किसानों को रोक दिया गया है।

# जल्द लौटेगा प्राचीन विक्रमशीला विश्विद्यालय का गौरव, कवायद हुई तेज

**भागलपुर ( हिंस )।** जिले के कहलगांव अनुमंडल के अंतिचक स्थित प्राचीन विक्रमशिला विश्वविद्यालय का गौरव जल्द ही लौटने वाला है। विश्वविद्यालय के खोए हुए गौरव को केंद्रीय विश्वविद्यालय के रूप में वैश्विक पटल पर लाने की दिशा में कवायद तेज हो चुकी है। संभावना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अप्रैल से मई महीने में केंद्रीय विश्वविद्यालय की आधारशिला रख सकते हैं लेकिन इसके पहले इसी साल किराए के भवन में कक्षा संचालित हो सकती है। छात्रों का नामांकन प्रक्रिया शुरू करने को लेकर पहल हो रही है। भागलपुर के कहलगांव स्थित विक्रमशिला विश्विद्यालय के भग्नावशेष से थोड़ी दूर अन्तिचक और मलकपुर मौजा में जमीन चिन्हित की गई है। इसके लिए कचल 208 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। जमीन अधिग्रहण के लिए सरकार ने 88 करोड़ रुपए भी जारी कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि 10 साल पूर्व में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय विश्विद्यालय की घोषणा करने के बाद 500 करोड़ रुपए विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए दे चुके हैं। वर्षों से जमीन चयन और अधिग्रहण की प्रक्रिया फाइलों में अटकी हुई थी। कुछ महीने पहले जमीन चयन कर रिपोर्ट सरकार



को सौंपी गई। जिसके अधिग्रहण के लिए रैयतों को मुआवजा देने के लिए 88 करोड़ रुपए मिले हैं। बीते दिनों भागलपुर महोत्सव के मंच से सम्राट चौधरी ने भी कहा था कि पीएम मोदी अप्रैल से मई के बीच आकर आधारशिला रखेंगे। पीएम मोदी ने विश्विद्यालय के शिलान्यास की इच्छा जताई थी। बताया जा रहा है कि तीन महीने के अंदर डीपीआर तैयार कर लिया जाएगा। इससे पहले विश्विद्यालय में होने वाली पढ़ाई के लिए किराए के भवन में कक्षाएं संचालित हो सकती है। इसको लेकर भी जिलाधिकारी की ओर से पहल हो रही है। इस दौरान बिहार कृषि विश्विद्यालय के कुलपति से भी अधिकारी की वार्ता हुई है। संभावना है कि बीएयू के भवनों में कक्षाएं संचालित हो सकती है। बीएयू के पास भवन के साथ साथ संसाधन भी उपलब्ध है। जब विश्विद्यालय बन जायेगा तब छात्रों को वहां शिफ्ट कर दिया जाएगा। हांलाकि यह अभी तय नहीं हुआ है की बीएयू में कक्षाएं संचालित होंगी। जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने बीते साल पदभार ग्रहण करते ही विक्रमशिला विश्विद्यालय की स्थापना की दिशा में कवायद तेज कर दी थी। जमीन संबंधी समस्याओं को दूर करने में लगे रहे। जिलाधिकारी ने कहा है कि प्रयासरत हैं कि शीघ्र यहां कोर्स का संचालन शुरू हो जाए। उसके लिए हमलोगों ने बिल्डिंग को भी खोज लिया है। यदि किराए के बिल्डिंग में कोर्स का संचालन हो जाए तो बड़ी उपलब्धि हो सकती है। वहीं भागलपुर के सांसद अजय मंडल ने कई दफा सदन में और सम्बंधित मंत्रियों से मिलकर विक्रमशीला विश्विद्यालय के निर्माण को लेकर मांग की। साथ ही गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने इसको लेकर आवाज उठाया था। लोकसभा के पटल पर मुद्दे को रखा था। विधायक अजीत शर्मा और पवन यादव ने विधानसभा में भूमि चयन कर अधिग्रहण करने और पुनर्निर्माण की मांग की थी। सांसद अजय मंडल ने कहा कि जल्द ही विक्रमशिला विश्विद्यालय का उद्धार होगा, सरकार प्रयासरत है। नालंदा जैसा क्यों नालंदा से बेहतर यहां केंद्रीय विश्विद्यालय बनेगा। वहीं कहलगांव विधायक पवन यादव ने कहा कि भूमि अधिग्रहण जल्द होगा। इसके लिए सरकार प्रयास कर रही है। 3 महीने में डीपीआर तैयार होगा उसके बाद केंद्रीय विश्विद्यालय का निर्माण जल्द शुरू हो जाएगा। जहां तक इसके इतिहास की बात है तो विक्रमशिला विश्विद्यालय की स्थापना पाल वंश के राजा धर्मपाल ने 7वीं से 8वीं शताब्दी के बीच की थी। तकरीबन 400 साल यह विश्विद्यालय देश विदेश में शिक्षा का बड़ा केंद्र रहा था।




# आरबीआई का एफडी, लॉकर और बचत खाते में नॉमिनेशन पर बैंकों को सर्कुलर जारी

नई दिल्ली

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने सभी बैंकों और नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों को नॉमिनी को लेकर निर्देश जारी किए हैं। देश के बैंकों और एनबीएफसी में हजारों करोड़ रुपये की राशि पड़ी है, जिनके दावेदार नहीं हैं।

आरबीआई की ओर से जारी सर्कुलर के अनुसार सभी बैंकों का दायित्व होगा कि वे अपने हर पुराने और नए ग्राहकों से नॉमिनेशन की प्रक्रिया पूरी करवाएं। अभी भी बड़ी संख्या में बैंकों में जमा खाते के नॉमिनी उपलब्ध नहीं है। बैंकों में नॉमिनेशन की प्रगति की रिपोर्ट को हर तिमाही में दक्ष पोर्टल पर अपलोड करने के भी निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा बैंकों में खाता ओपन करने के फॉर्म में बदलाव करने को कहा गया है, जिसमें ग्राहकों के लिए नॉमिनी के विकल्प को अनिवार्य करना जरूरी होगा।

**एफडी या सेविंग अकाउंट में नॉमिनी न होने से परिजन कानूनी झंझट में पड़ जाते हैं**

सर्कुलर के अनुसार जिन लोगों की एफडी या सेविंग अकाउंट में नॉमिनी नहीं रहते उनकी मौत के बाद उनके परिजन अपना हक़ प्राप्त करने के लिए कानूनी झंझट का सामना करते हैं। इसलिए सभी लोगों को अपने खाते में नॉमिनेशन की प्रक्रिया पूरी कर लेनी चाहिए। सर्कुलर में बैंकों और एनबीएफसी को अपने सभी ग्राहकों को नॉमिनेशन के लाभ की जानकारी देने को कहा गया है। इसके साथ ही कस्टमर सर्विस कमिटी को बैंकिंग संस्थानों में खाताधारकों के नॉमिनेशन की स्थिति की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## घरेलू मांग में तेजी से आर्थिक वृद्धि मजबूत रहने की उम्मीद

घरेलू मांग में तेजी लौटने से देश की आर्थिक वृद्धि में मजबूती आने की उम्मीद है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जारी किया बुलेटिन, जिसमें कहा गया कि देश की अर्थव्यवस्था अनेक वर्षों के बाद फिर से उच्चारित हो सकती है। लेकिन खाद्य मुद्रास्फीति की बढ़ती स्तिथि को लेकर सतर्क रहने की भी जरूरत है। बुलेटिन में दिखाया गया है कि विभिन्न देशों में अर्थव्यवस्था की स्थिति भिन्न-भिन्न है। अमेरिका में गति कम हो रही है, जबकि यूरोप और जापान में मध्यम सुधार देखने को मिल रहा है। भारत में ग्रामीण मांग में तेजी आ रही है, जिसे कृषि संभावनाओं से समर्थन मिल रहा है। आर्थिक परिदृश्य में सुधार के साथ-साथ खाद्य मुद्रास्फीति की ऊंची बनने के नुकसान को भी मन में रखना जरुरी है। बुलेटिन ने ग्रामीण मांग, सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में सुधार, और विनिर्माण क्षेत्र के जोखिम जीते जा रहे हैं इस पर केंद्रीय बैंक ने ध्यान दिया है। विश्व की आर्थिक स्थिति में सुधार की उम्मीद में भारत की बढ़ती गति और मांग के नजरिये से जोख़िम और निवेश के फैसलों पर विचार करने की जरूरत है। यहां तक कि पूंजीगत व्यय में सुधार और अच्छी कृषि संभावनाएं भी भारत की आर्थिक वृद्धि में मददगार साबित हो सकती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सर्राफा बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी जारी, 81 हजार के पार पहुंचा सोना, चांदी की कीमत में भी 1,100 रुपये का उछाल



**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी का रुख बना हुआ है। के कारोबार में सोना 610 रुपये से लेकर 660 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी 1,100 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। सोने की कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 81 हजार रुपये के स्तर को पार करके 81,430 रुपये से लेकर 81,280 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 74,660 रुपये से लेकर 74,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में आई तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु 96,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 81,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 74,660 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 81,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 81,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 74,560 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 81,280 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 74,510 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 81,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

### एसबीआई लाइफ का दिसंबर तिमाही का मुनाफा 71 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस का मुनाफा चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 71 प्रतिशत बढ़कर 551 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में उसका मुनाफा 322 करोड़ रुपये रहा था। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा प्रवर्तित इस जीवन बीमा कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि नए प्रीमियम और नवीनीकरण प्रीमियम में वृद्धि से मुनाफे में सुधार हुआ है। तिमाही के दौरान शुद्ध प्रीमियम आय बढ़कर 24,828 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 22,316 करोड़ रुपये थी। एसबीआई लाइफ ने कहा कि हालांकि, कुल आमदनी दिसंबर तिमाही में आधी रह कर 18,542 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 38,803 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान प्रबंधन का खर्च बढ़कर 2,417 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 2,188 करोड़ रुपये था। एसबीआई लाइफ की प्रबंधन के तहत संपत्ति (एयूएम) भी 31 दिसंबर, 2023 को 3,71,410 करोड़ रुपये से 19 प्रतिशत बढ़कर 31 दिसंबर, 2024 को 4,41,678 करोड़ रुपये हो गई।

### ग्रीव्ज कॉटन ने दोपहिया, तिपहिया वाहन श्रेणी में नए उत्पाद प्रदर्शित किए




**नई दिल्ली।** ग्रीव्ज कॉटन लिमिटेड ने अपने मेड इन इंडिया उत्पादों का ताजा अनावरण किया, जो दोपहिया और तिपहिया श्रेणी में आते हैं। इन उत्पादों में कॉन्सेप्ट वाहन, चार्जिंग समाधान, इंजन, पावरट्रेन सिस्टम और खुदरा उपकरण शामिल हैं। कंपनी ने ये नए उत्पाद भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में प्रदर्शित किए। ग्रीव्ज की इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल जाइबर और एक्सप्रेस का कॉन्सेप्ट मॉडल भी लोगों को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने तेज रफ्तार इलेक्ट्रिक तिपहिया जारगो को भी लॉन्च किया, जो ई-कॉमर्स परिवेश के लिए उपयुक्त है।

टेलिकॉम कंपनियों को मिल सकती है बड़ी राहत

# टेलिकॉम सेक्टर में बड़ा कदम उठाने की तैयारी में मोदी सरकार, दो कंपनियों को होगा लाभ

मुंबई

केंद्र की मोदी सरकार टेलिकॉम सेक्टर में एक बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। मोदी सरकार एजीआर बकाया पर टेलिकॉम कंपनियों को बड़ी राहत दे सकती है। इसका सबसे ज्यादा फायदा कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया को होगा। 2019 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद वोडाफोन आइडिया और भारती एयरटेल जैसी दूरसंचार कंपनियों पर सरकार का भारी बकाया है।

इसमें ब्याज और जुर्माने का एक बड़ा हिस्सा है। लेकिन सूत्रों के मुताबिक केंद्र सरकार 50 प्रतिशत ब्याज और 100 प्रतिशत जुर्माना और जुर्माने पर ब्याज माफ करने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। अगर मोदी सरकार इस प्रस्ताव लागू करती हैं, तब ये भारत में टेलिकॉम बिजनस के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ होगा। साथ ही इससे टेलिकॉम सेक्टर में दो बड़ी निजी कंपनियों के दबदबे को चुनौती मिलेगी। सूत्रों ने बताया कि अगर प्रस्ताव को हरी झंडी मिलती है, तब टेलिकॉम कंपनियों को 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय राहत मिलेगी। इसमें सबसे ज्यादा फायदा वोडाफोन आइडिया को होगा। कंपनी पर सरकार का हजारों करोड़ रुपया बकाया है। प्रस्तावित राहत के तहत वोडाफोन आइडिया का एजीआर बकाया 52,000 करोड़ रुपये से अधिक कम हो सकता है।

वित्तीय रूप से मजबूत भारती एयरटेल को करीब 38,000 करोड़ रुपये और टाटा टेलीसर्विसेज को



14,000 करोड़ रुपये की राहत मिलेगी। रिलायंस जियो पर कोई एजीआर बकाया नहीं है।

मामले से जुड़े सूत्र ने बताया कि प्रस्ताव पर वित्त मंत्रालय, दूरसंचार विभाग और कैबिनेट सचिवालय सहित उच्चतम स्तर पर चर्चा हो रही है। मोदी सरकार 1 फरवरी के बजट में इस उपाय की घोषणा करने के लिए काम कर रही है। टेलिकॉम इंडस्ट्री साल 2016 में रिलायंस जियो के आने के बाद से कड़ी प्रतिस्पर्धा से जूझ रहा है।

## सेबी ने सात कंपनियों को बाजार से प्रतिबंधित किया

### कंपनियों ने लाखों की धोखाधड़ी की और पूंजी होने के बावजूद दिखावा किया कि उन्हें कर्ज चाहिए




**नई दिल्ली।** सेबी ने एक बड़ा कदम उठाते हुए सात कंपनियों को बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। इन कंपनियों में पाचेली इंडस्ट्रियल फाइनेंस, अभिजीत ट्रेडिंग, कैलिक्स सिक्योरिटीज, हिबिस्कस होल्डिंग्स, अवेल फाइनेंशियल सर्विसेज, एडॉप्टिका रिटेल इंडिया और सल्फर सिक्योरिटीज शामिल हैं। सेबी ने कहा की पाचेली इंडस्ट्रियल ने गैर-प्रवर्तकों के रूप में वर्गीकृत छह संस्थाओं से 1,000 करोड़ कर्ज लिया, जिसे तरजीही आवंटन के जरिये इक्विटी में बदल दिया। लेकिन कर्ज और पैसा सिर्फ कागजों में घुमाया गया। जिनके दिखावे कर्ज देने के थे, उन्हें कंपनी के 99.28 फीसदी शेयर मिल गए। सेबी के अनुसार इन कंपनियों ने लाखों की मात्रा में धोखाधड़ी की और दिखावा किया कि उन्हें कर्ज के लिए पूंजी की जरूरत है, जबकि वास्तव में उनके पास पूंजी थी। इसके कारण इन कंपनियों का शेयर मार्केट में दिखना बंद किया गया था और सेबी ने इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई लेने का निर्णय लिया। इस प्रतिबंध के चलते इन कंपनियों के शेयरों की मौजूदगी बाजार में नहीं होगी और निवेशकों को संबंधित शेयरों की खरीद-बिक्री के लिए कोई संभावना नहीं है। इन कंपनियों के खिलाफ ऐसे कदम उठाने के माध्यम से सेबी ने निवेशकों की सुरक्षा और पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास किया है और वह इस प्रक्रिया में और भी कड़ी कार्रवाई कर सकती है। यह घटना बाजार में एक तहलका पैदा करने के साथ-साथ निवेशकों के विश्वास को चुनौती देने वाला है। इसे लेकर विभिन्न ऑफिशियल्स और मार्केट वॉचडॉग्स अपने तर्क दे रहे हैं और इस पर विवाद संदेश जारी कर रहे हैं।

# डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से पहले ही बिटकॉइन में जोरदार तेजी, एक बार फिर 1 लाख डॉलर के पार पहुंची क्रिप्टो करेंसी



नई दिल्ली

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने के पहले ही दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरंसी बिटकॉइन ने एक बार फिर जोरदार तेजी दिखाते हुए 1 लाख डॉलर के स्तर को पार कर लिया। शुक्रवार देर रात बिटकॉइन 1,05,782.40 डॉलर के स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि उसके बाद इस क्रिप्टोकरंसी की कीमत में गिरावट आई। आज भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 11.30 बजे बिटकॉइन 1,03,403.60 डॉलर के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

उल्लेखनीय है कि डोनाल्ड ट्रंप की जीत के कारण क्रिप्टोकरंसी मार्केट में लगातार उत्साह का माहौल बना हुआ है। अपने चुनाव प्रचार के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को दुनिया का क्रिप्टो कैपिटल बनाने का ऐलान किया था। ट्रंप के वायदे में क्रिप्टो इंडस्ट्री के लिए फेवरेबल रेगुलेशंस लाने की बात भी कही गई थी। इसके अलावा डोनाल्ड ट्रंप ने क्रिप्टो मार्केट के लिए रेगुलेटर नियुक्त करने का भी वादा किया था। अपने वायदे में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि राष्ट्रपति के रूप में वे इस बात को सुनिश्चित करेंगे कि अमेरिकी सरकार सोने की तरह ही बिटकॉइन का भी स्ट्रैटेजिक रिजर्व बनाए। इसके साथ ही राष्ट्रपति पद संभालने के बाद पहले 100 दिन के अंदर ही क्रिप्टो करेंसी के संबंध में स्पष्ट और सरल नियम बनाने के लिए एक विशेष सलाहकार परिषद बनाने का भी ट्रंप ने ऐलान किया था।

### जीत के बाद क्रिप्टोकरंसी मार्केट में तेजी आई थी

चुनाव प्रचार के दौरान डोनाल्ड ट्रंप द्वारा क्रिप्टोकरंसी के प्रति पॉजिटिव रूप दिखाने के कारण ही चुनाव में ट्रंप की जीत का ऐलान होने के साथ ही क्रिप्टोकरंसी मार्केट में तेजी आ गई थी। खासकर, बिटकॉइन ने जबरदस्त तेजी दिखाई थी। ट्रंप के चुनाव जीतने के 1 महीने बाद 5 दिसंबर को बिटकॉइन पहली बार एक लाख डॉलर के स्तर को पार करके 1,03,242.70 डॉलर के स्तर पर पहुंचा था। इसी महीने 17 दिसंबर को बिटकॉइन ने अपने सर्वोच्च स्तर 1,06,490.10 डॉलर के स्तर तक पहुंचने में सफलता हासिल की थी। हालांकि इसके बाद बिटकॉइन की कीमत में गिरावट आई, जिसकी वजह से ये क्रिप्टोकरंसी 90 हजार डॉलर के स्तर तक गिर गई। लेकिन अब ट्रंप की शपथ लेने का समय पास आते ही एक बार फिर इस क्रिप्टोकरंसी में तेजी आ गई है और ये 1 लाख डॉलर के स्तर को पार करके कारोबार करने लगी है।

# सरकार बजट सत्र में पेश कर सकती है नया आयकर विधेयक

नई दिल्ली

सरकार संसद के आगामी बजट सत्र में एक नया आयकर विधेयक पेश कर सकती है। इसका उद्देश्य वर्तमान आयकर कानून को सरल बनाना, उसे समझने योग्य बनाना तथा पृष्ठों की संख्या में करीब 60 फीसदी की कमी करना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जुलाई के बजट में इसकी घोषणा की थी।




आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि नया आयकर कानून संसद के बजट सत्र में पेश किया जाएगा। यह एक नया कानून होगा, न कि मौजूदा अधिनियम में संशोधन। फिलहाल, कानून के मसौदे पर विधि मंत्रालय विचार कर रहा है, जिसे बजट सत्र के दूसरे हिस्से में संसद में पेश किए जाने की संभावना है।

आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा के लिए जुलाई बजट में वित्त मंत्री की घोषणा के अनुसरण में सीबीडीटी ने समीक्षा और अधिनियम को संक्षिप्त, स्पष्ट और समझने में आसान बनाने के लिए एक आंतरिक समिति गठित की थी, जिससे विवाद, मुकदमेबाजी कम होगी और करदाताओं को ज्यादा कर निश्चितता मिलेगी।

संसद का अगामी बजट सत्र 31 जनवरी से 4 अप्रैल तक चलेगा। पहला भाग 31 जनवरी से 13 फरवरी तक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के संसद के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करने के साथ शुरू होगा। इसके बाद वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। केंद्रीय बजट 01 फरवरी को पेश किया जाएगा। संसद का बजट सत्र 10 मार्च को पुन: आरंभ होगा, जो 4 अप्रैल तक चलेगा।

उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जुलाई के केंद्रीय बजट में छह महीने के भीतर छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा की घोषणा की थी

# एनआईएक्सआई ने इंटरनेट गवर्नेंस इंटर्नशिप व क्षमता निर्माण योजना शुरू की

नई दिल्ली

नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनआईएक्सआई) ने शनिवार को अपनी इंटरनेट गवर्नेंस इंटर्नशिप और क्षमता निर्माण योजना शुरू की। इसका उद्देश्य भारतीय नागरिकों के बीच इंटरनेट गवर्नेंस के बारे में जागरूकता पैदा करना और विशेषज्ञता विकसित करना है।



इलेक्ट्रानिक्स एवं आईटी मंत्रालय ने जारी बयान में बताया है कि भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव और एनआईएक्सआई के अध्यक्ष एस. कृष्णन ने योजना का शुभारंभ किया।

आईटी मंत्रालय के अनुसार प्रशिक्षुओं को अनिवार्य आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सहायता के साथ-साथ 20 हजार रुपये प्रतिमाह का निश्चित वजीफा दिया जाएगा।

### इंटरनेट प्रशासन के लिए विशेषज्ञों को तैयार करना

इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को इंटरनेट कॉरपोरेशन फॉर असाइन्ड नेम्स एंड नंबर्स (आईसीएएनएन), इंटरनेट सोसाइटी अथवा इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी ऑपरेशंस सेंटर (आईएसओसी), इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स (आईईईई), इंटरनेट इंजीनियरिंग टास्क फोर्स (आईईटीएफ) जैसे आई-स्टार संगठनों के साथ वैश्विक इंटरनेट गवर्नेंस प्रक्रियाओं में प्रभावी रूप से शामिल होने के लिए ज्ञान से लैस करना और क्षेत्र के प्रमुख विशेषज्ञों के साथ मिलकर कार्य करना है।

यह घरेलू प्रतिभाओं के एक समूह का पोषण करेगा, जो उभरते इंटरनेट गवर्नेंस मुद्दों से गहराई से जुड़ सकते हैं और उनके समाधान में योगदान दे सकते हैं।

### इंटर्नशिप कार्यक्रम की पेशकश

यह कार्यक्रम दो समानांतर ट्रैक के साथ द्वि-वार्षिक इंटर्नशिप प्रदान करता है: एक छह महीने का कार्यक्रम और एक तीन महीने का कार्यक्रम। प्रत्येक प्रशिक्षु को आईसीएएनएन एपीएनआईसी या एपीटीएलडी जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के विषय वस्तु विशेषज्ञ, विशेष रुचि समूह के सदस्य, उच्च रैंक वाले सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी और मान्यता प्राप्त संस्थानों/विश्वविद्यालयों के संकाय सलाहकारों द्वारा सलाह दी जाएगी।

प्रशिक्षुओं को अनिवार्य पहुंच कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सहायता के साथ-साथ प्रति माह 20,000/- रुपये का निश्चित वजीफा प्रदान किया जाएगा। एनआईएक्सआई की इंटरनेट गवर्नेंस इंटर्नशिप योजना के बारे में जानकारी के लिए कृपया देखें।

# बीते सप्ताह शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार रहा

**सेंसेक्स 423 अंक गिरकर 76,619 पर बंद**

**निफ्टी 108 अंक गिरकर 23,203 पर बंद**

मुंबई

भारतीय शेयर बाजार के लिए बीता सप्ताह उतार-चढ़ाव भरा रहा। सोमवार को शेयर बाजार में गिरावट रही, मंगलवार को बाजार बढ़कर खुला पर कमजोर होकर बंद हुआ, वहीं बुधवार और गुरुवार को बाजार में बढत दर्ज की गई लेकिन घरेलू स्तर पर प्रमुख कंपनियों में बिकवाली की वजह से शुक्रवार को शेयर बाजार में गिरावट देखी गई। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 843.67 अंक गिरकर 76,535.24 के स्तर पर खुला और



1048.90 अंक गिरकर 76,330.01 पर बंद हुआ। निफ्टी 258.8 अंक गिरकर 23,172.70 अंक पर खुला और 345.55 अंक गिरकर 23,085.95 के स्तर पर बंद हुआ। मंगलवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 449.48 अंक उछलकर 76,779.49 पर खुला और 169.62 अंक बढ़कर 76,499.63 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 141.25 अंक चढ़कर 23,227.20 अंक पर खुला और 90.10 अंक या 0.39 प्रतिशत चढ़कर 23,176.05 पर बंद हुआ।

# चीनी कंपनियों पर डेटा चोरी का आरोप, एडवोकेसी ग्रुप ने दर्ज की शिकायत

**मुंबई।** भारत में चाइनीज कंपनियों पर डेटा चोरी का आरोप एक बार फिर से उठा है। रिपोर्ट के मुताबिक टिकटॉक, शाओमी और तीन अन्य चीनी कंपनियों के खिलाफ ऑस्ट्रिया के एडवोकेसी ग्रुप एनओवायबी ने प्राइवेसी कंप्लेंट दर्ज करवाई है। एनओवायबी के अनुसार इन कंपनियों द्वारा यूरोपीयन डेटा को गैर-कानूनी तरीके से चोरी किया जा रहा है और इसे चीन में ट्रांसफर भी किया जा रहा है। एनओवायबी ने शिकायत में यह मांग की है कि इस डेटा को चीन में ट्रांसफर करने पर रोक लगाई जानी चाहिए और कंपनियों पर जुर्माना लगाया जाना चाहिए। जुर्माना राशि की वारंट एनओवायबी ने कहा है कि वह कंपनियों के ग्लोबल रेवेन्यू का 4 फीसदी तक हो सकता है। चीन के विदेश मंत्रालय ने इस आरोप का मज़ाक उड़ाते हुए कहा है कि चीनी सरकार कभी ऐसी मांग नहीं करती और स्थानीय



कानून का उल्लंघन कभी नहीं किया जाता। चाइनीज कंपनियों के साथ यह सदियों से चल रहा विवाद अब नया टर्न ले रहा है। एनओवायबी के द्वारा दर्ज शिकायत से इस मुद्दे पर रोशनी डालने की उम्मीद है, लेकिन सच्चाई केवल जांच से ही सामने आ सकती है।



# मैनचेस्टर यूनाइटेड और स्कॉटलैंड के दिग्गज डेनिस लॉ का 84 साल की उम्र में निधन

मैनचेस्टर

**मैनचेस्टर यूनाइटेड और स्कॉटलैंड के दिग्गज स्ट्राइकर और बैलन डीओर जीतने वाले एकमात्र स्कॉटिश फुटबॉलर डेनिस लॉ का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। द किंग और द लॉमैन के नाम से मशहूर लॉ ने मैनचेस्टर यूनाइटेड में 11 साल बिताए, जहाँ 404 मैचों में 237 गोल करके वे वेन रूनी और सर बॉबी चार्लटन के बाद क्लब की सर्वकालिक स्कोरिंग सूची में तीसरे स्थान पर हैं।**

एबरडीन में जन्मे लॉ ने इटली के टोरिनो में रिकॉर्ड-तोड़ कदम उठाने से पहले हडर्सफ़ील्ड टाउन के साथ अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की। उन्होंने मैनचेस्टर सिटी में भी कुछ समय बिताया और मैनचेस्टर यूनाइटेड में वापस लौटे, जहाँ उन्होंने एक फ़ुटबॉल आइकन के रूप में अपनी स्थिति को मज़बूत किया। लॉ ने स्कॉटलैंड के लिए 55 मैच खेले और 30 अंतरराष्ट्रीय गोल किए, जिससे वे देश के इतिहास में संयुक्त रूप से शीर्ष स्कोरर बन गए।

खेल के अग्रणी, लॉ तीन बार ब्रिटिश ट्रांसफर रिकॉर्ड बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। उनका प्रभाव मैदान से परे था, और उन्होंने क्लब और देश दोनों के लिए एक अमिट विरासत छोड़ी। 2021 में, लॉ ने अल्जाइमर रोग और संवहनी मनोभ्रंश के अपने निदान का खुलासा किया।

उनके परिवार ने एक बयान जारी किया और कहा, यह बहुत भारी मन से है कि हम आपको बताते हैं कि हमारे पिता डेनिस लॉ का दुखद निधन हो गया है। उन्होंने एक कठिन लड़ाई लड़ी लेकिन आखिरकार अब वह शांति से हैं। हम उन सभी लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहते हैं जिन्होंने अतीत में और हाल ही में उनकी भलाई और देखभाल में योगदान दिया। हम जानते हैं कि लोगों ने उनका कितना समर्थन किया और उन्हें कितना प्यार दिया और उस प्यार की हमेशा सराहना की गई। धन्यवाद।

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने अपने पूर्व स्टार को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें स्ट्रेटफ़ोर्ड एंड का राजा कहा और उन्हें क्लब के सबसे महान और सबसे प्रिय खिलाड़ियों में से एक के रूप में याद किया।

यूनाइटेड ने कहा, उन्हें हमेशा क्लब के सबसे महान और सबसे प्रिय खिलाड़ियों में से एक के रूप में याद किया जाएगा। उनकी प्रतिभा, भावना और खेल के प्रति प्रेम ने उन्हें एक पीढ़ी का नायक बना दिया। हमारी गहरी संवेदनाएँ डेनिस के परिवार और कई दोस्तों के साथ हैं। उनकी याद हमेशा ज़िंदा रहेगी।

लॉ के करिश्मे, कौशल और प्रचुर गोल स्कोरिंग क्षमता ने उन्हें दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों के दिलों में एक विशेष स्थान दिलाया, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि उनकी विरासत पीढ़ियों तक कायम रहेगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### ऑस्ट्रेलियन ओपन : टेलर फ्रिट्ज़ को हराकर चौथे दौर में पहुंचे गेल मोनफिल्स



**मेलबर्न।** फ्रांस के स्टार टेनिस खिलाड़ी गेल मोनफिल्स 38 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर में पहुंचने वाले रोजर फेडरर के बाद दूसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने शनिवार को नंबर 4 वरीय टेलर फ्रिट्ज़ को 3-6, 7-5, 7-6 (1), 6-4 से हराया। मोनफिल्स ने 19वें ऑस्ट्रेलियाई ओपन में छठी बार चौथे दौर में जगह बनाई। मोनफिल्स से भिड़ने से पहले फ्रिट्ज़ शानदार फॉर्म में थे, उन्होंने अपने पिछले दो मैचों में केवल आठ गेम गंवाए थे। लेकिन मोनफिल्स ने अपने सटीक ग्राउंडस्ट्रोक और धमाकेदार सर्विस के साथ दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी को शिकस्त दी। 41वें स्थान पर काबिज मोनफिल्स ने मैच जीतने के बाद कहा, रणनीति बेसलाइन को थामे रखने और निश्चित रूप से गति को बदलने की थी। लाइन के नीचे कुछ बड़े शॉट लगाए और अपने फोरहैंड से कुछ शेप का इस्तेमाल किया, अपने बैकहैंड से कुछ स्लाइस किया और अच्छी सर्विस की। मुझे खुद पर पूरा भरोसा है, मुझे पूरा भरोसा है कि मैं अभी टूर्नामेंट में आगे बढूंगा। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका सामना एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन या इटली के लोरेंजो मुसेट्टी से होगा। मोनफिल्स अपने लंबे करियर में कभी भी किसी मेजर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए हैं।

### उत्तराखंड की मेजबानी में होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों की उल्टी गिनती शुरू

38th NATIONAL GAMES Uttarakhand 25 SILVER JUBILEE YEAR SANKALP SE SHIKHAR TAK 28th JAN TO 14th FEB 2025

**नई दिल्ली।** 38वें राष्ट्रीय खेलों की उल्टी गिनती आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। 28 जनवरी से 14 फरवरी तक उत्तराखंड सरकार द्वारा आयोजित यह प्रतिष्ठित आयोजन दुनिया भर में भारतीय एथलीटों को उजागर करने के साथ-साथ अगली पीढ़ी को अपनी सीमाओं से आगे बढ़कर अपने-अपने क्षेत्रों में महानता हासिल करने के लिए प्रेरित करने का वादा करता है। 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्देश्य खेलों की एकीकृत शक्ति का जश्न मनाना, विविध संस्कृतियों और परंपराओं को एक साथ लाना और सबसे बढ़कर एथलेटिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। खेल न केवल शीर्ष स्तर की प्रतिभाओं को प्रदर्शित करेंगे बल्कि प्रतिस्पर्धा की साझा भावना के माध्यम से पूरे देश में एकता को भी प्रेरित करेंगे। प्रेस, आगंतुकों, मेहमानों और एथलीटों के लिए एक सहज अनुभव प्रदान करने पर विशेष ध्यान देने के साथ, तैयारियाँ चल रही हैं। खेलों का एक प्रमुख आकर्षण बहुप्रतीक्षित मशाल रिले होगा, जो इस आयोजन की भावना का प्रतीक है। स्थिरता के लिए खेलों की प्रतिबद्धता के अनुरूप, आयोजकों ने एक मजबूत अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रम लागू किया है और पर्यावरण चेतना को बढ़ावा देने के लिए पुनः प्रयोज्य बोतलों के साथ स्वच्छ जल पहल पर सहयोग किया है। खेलों का एक अनूठा और आकर्षक तत्व शुभंकर मौली होगा।

### विराट कोहली, केएल राहुल ने रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मैचों से अपना नाम वापस लिया



**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली और केएल राहुल ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम को सूचित किया कि वे छोटी-मोटी चोटों से जूझ रहे हैं, जिसके कारण वे रणजी ट्रॉफी 2024-25 सीजन के दूसरे दौर में क्रमशः अपनी घरेलू टीमों दिल्ली और कर्नाटक के लिए भाग नहीं ले पाएंगे। कोहली गर्दन में दर्द से पीड़ित हैं। कोहली ने बीसीसीआई के मेडिकल स्टाफ को बताया कि उन्होंने 8 जनवरी को एक इंजेक्शन लिया था, लेकिन फिर भी उनकी गर्दन में दर्द है, जिसके कारण उन्हें राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ दिल्ली के आगामी मुकाबले से बाहर होना पड़ा। 36 वर्षीय कोहली ने रणजी में आखिरी बार नवंबर 2012 में उत्तर प्रदेश के खिलाफ मैच खेला था, जिसमें उन्हें तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने दोनों पारियों में 14 और 42 रन पर आउट कर दिया था। 155 प्रथम श्रेणी मैचों में, विराट ने 258 पारियों में 37 शतक और 39 अर्द्धशतक के साथ 48.23 की औसत से 11,479 रन बनाए हैं, जिसमें 254* का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। दूसरी ओर, केएल राहुल कोहनी की समस्या से जूझ रहे हैं, जिसके कारण वह बेंगलुरू में पंजाब के खिलाफ कर्नाटक के अगले दौर के मैच से बाहर हो गए हैं।

# जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी भारत की चैंपियंस ट्रॉफी टीम में शामिल, सिराज बाहर

मुंबई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए शनिवार दोपहर (18 जनवरी) को 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और हार्दिक पांड्या सभी जगह बनाने में सफल रहे हैं। इन तीनों ने आखिरी बार 2023 विश्व कप में वनडे प्रारूप में हिस्सा लिया था। 15 सदस्यीय टीम की कमान रोहित शर्मा संभालेंगे जबकि शुभमन गिल उपकप्तान होंगे। हालांकि मोहम्मद सिराज को बाहर कर दिया गया है। वहीं, इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में बुमराह की जगह हर्षित राणा टीम में होंगे।

कप्तान रोहित शर्मा ने यहां आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हम बुमराह के बारे में निश्चित नहीं हैं, कि वह खेलेंगे या नहीं। इसलिए हम ऐसा खिलाड़ी चाहते थे जो आगे और पीछे दोनों जगह गेंदबाजी कर सके। शमी के बारे में सभी जानते हैं कि वह नई गेंद से क्या करते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि मोहम्मद सिराज को टीम से बाहर होना पड़ा। लेकिन हमारे पास निर्धारित भूमिकाओं के लिए उपयुक्त खिलाड़ियों को चुनने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। अर्शदीप ने बहुत ज़्यादा वनडे नहीं खेले हैं, लेकिन वह पिछले कुछ समय से सफ़ेद गेंद वाले क्रिकेट में हैं। इसलिए हम अनुभवहीनता के बारे में चिंतित नहीं हैं। आप सभी को खुश नहीं कर सकते। दिन के अंत में, आप उस टीम को चुनते हैं जो आपको गेम जिता सकती है।

बुमराह को भारत की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी दौर में पीठ में दर्द की शिकायत थी, इस अभियान में उन्होंने 151.2 ओवर फेंके और 13.06 की औसत से 32 विकेट लिए। वह मोहम्मद शमी के साथ तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे। शमी 2023 वनडे विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, लेकिन तब से अपने बाएं अकिलीज़ टेंडन की सर्जरी के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर हैं। अर्शदीप सिंह तीसरे तेज गेंदबाज हैं।

पांड्या की वापसी के बाद भारत के पास ऑलराउंडर की अच्छी टीम है। रवींद्र जडेजा एक और खिलाड़ी हैं, जिन्होंने आखिरी बार 14 महीने पहले वनडे खेला था, लेकिन अपने बाएं हाथ के कौशल के साथ बहुमुखी



प्रतिभा प्रदान करते हैं। अक्षर पटेल, जिन्हें श्रीलंका में भारत के सबसे हालिया वनडे असाइनमेंट में चुना गया था, एक और खिलाड़ी हैं जो टीम के संतुलन को जोड़ने में सक्षम हैं।

हार्निया की सर्जरी के बाद बाहर रहने वाले कुलदीप यादव की टीम में वापसी से भारत के स्पिन आक्रमण को एक बड़ा बढ़ावा मिला है। 30 वर्षीय खिलाड़ी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला का पहला टेस्ट खेला, इसके बाद वह कमर की चोट के कारण शेष सत्र से बाहर हो गए।

इस प्रारूप में 58.20 की शानदार औसत रखने वाले गिल को शीर्ष क्रम में अपनी जगह के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है, क्योंकि चयनकर्ताओं ने यशस्वी जायसवाल को टीम में दूसरे सलामी बल्लेबाज के रूप में चुनने का फैसला किया है। हालांकि जायसवाल ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शानदार शुरुआत की है और बेहतरीन प्रदर्शन किया है, लेकिन उन्होंने अभी तक इस प्रारूप में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण नहीं किया है। विजय हजारे ट्रॉफी में झारखंड के खिलाफ 203 रन के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ लिस्ट ए क्रिकेट में उनका औसत 54 है।

भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। वे अपना अभियान 20 फरवरी को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ शुरू करेंगे। वे अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे मैच खेलेंगे।

चैंपियंस ट्रॉफी और इंग्लैंड वनडे के लिए भारत की टीम-रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा।

अपडेट: इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में बुमराह की जगह हर्षित राणा टीम में होंगे।

# 33 वीं यूपी स्टेट मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में चमके मुरादाबाद मंडल के खिलाड़ी



मुरादाबाद

33 वीं यूपी स्टेट मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में मुरादाबाद मंडल के सीनियर खिलाड़ियों ने गोल्ड व सिल्वर मेडल प्राप्त किए हैं। सभी विजेता खिलाड़ियों का शनिवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस सोनकपुर स्पोर्टर्स स्टेडियम रामगंगा विहार मुरादाबाद में स्वागत अभिनंदन किया गया।

प्रभारी क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी प्रदीप कुमार सक्सैना व उत्तर प्रदेश ओलम्पिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अजय पाठक ने बताया कि 14 व 15 जनवरी को लालपुर स्टेडियम वाराणसी में यूपी स्टेट मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप आयोजित हुई।

जिसमें जनपद मुरादाबाद के सीनियर खिलाड़ियों में कमलेश सिंह ने 5000 मीटर पैदल चाल एवं 2000 मीटर की स्टीपल चेज रेस में गोल्ड मैडल प्राप्त किया, यशपाल सिंह ने 5000 मीटर पैदल चाल एवं 2000 मीटर स्टीपल चेज रेस में गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

### ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025: स्विएटेक ने राडुकानू को हराकर चौथे दौर के लिए किया क्वालीफाई

**मेलबर्न।** पोलैंड की स्टार महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्विएटेक ने शनिवार को एम्मा राडुकानू को हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन्स के बीच हो रहे मुकाबले में स्विएटेक ने राडुकानू को आसानी से 6-1, 6-0 से शिकस्त दी। पांच बार की ग्रैंड स्लैम विजेता स्विएटेक ने रॉड लेवर एरिना में राडुकानू के नौ के मुकाबले 24 विजयी शॉट लगाए। स्विएटेक ने सिर्फ़ 12 अनफोर्स्ड एरर किए। मैच जीतने के बाद स्विएटेक ने कहा, मैंने कुछ शॉट खेले, जिनके बाद मुझे लगा कि मैं इस तरह के शॉट खेलने की अभ्यस्त हूँ, और इसीलिए मैंने के मैच का भरपूर आनंद लिया। मैं वास्तव में आश्वस्त महसूस कर रही थी, इसलिए, अंत में, मैं और भी अधिक प्रयास कर सकती थी।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस



मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस में खेलते हुए सर्बिया के नोवाक जोकोविच।

# 7 वीं ओपन राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में मुरादाबाद के खिलाड़ी करेंगे प्रतिभाग

**जिला ताइक्कांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के सचिव शाहवेज़ अली ने दी जानकारी**



मुरादाबाद

जिला ताइक्कांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के सचिव शाहवेज़ अली ने शनिवार को बताया कि 19 व 20 जनवरी को लखनऊ के राजाजीपुरम स्थित मिनी स्टेडियम 7 वीं ओपन राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में मुरादाबाद जनपद से 30 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इस चैम्पियनशिप में देशभर से लगभग तीन हजार खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे है।

जिला ताइक्कांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव शाहवेज़ अली ने बताया कि 7 वीं ओपन राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में जिले के 30 खिलाड़ियों का चयन हुआ है, इसमें सबजूनियर बालक वर्ग में विभु राज, विवान शर्मा, निलय चौधरी, विराज कपूर, अक्षत सूर्यांश, वंश, शाहज़ेब खान व सबजूनियर बालिका वर्ग में मिस्टी चंद्रवंशी, अदिति सैनी, देवांशी का चयन हुआ है। कैडेट बालक वर्ग में आशीष सिंह, वासु भाटिया, अक्षत कश्यप, आयुष सूर्यांश व कैडेट बालिका वर्ग में अनायदा, आदूषी का चयन हुआ है। जूनियर बालक वर्ग में लवकुश यादव, कैफ खान, मोहम्मद अयान व बालिका वर्ग में आलिया पाशा का चयन हुआ है, सीनियर बालक वर्ग में निखिल कुमार, रायन सागर, वैभव सक्सेना, रोहित कुमार व बालिका वर्ग में कशिश मालिक, यशोदा थापा का चयन हुआ है।

# शारजाह वॉरियर्स की टीम में इरादे की कभी कमी नहीं होगी : कोच जेपी डुमिनी

शारजाह

श्रीलंकाई बल्लेबाज अविष्का फर्नांडो की शानदार पारी की बदौलत शारजाह वॉरियर्स ने शारजाह में दुबई कैपिटल्स को हराकर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया। इस सीजन में अपना पहला घरेलू मैच खेल रहे शारजाह वॉरियर्स ने 201 रनों का लक्ष्य 5 विकेट और 11 गेंद शेष रहते सफलतापूर्वक हासिल किया।

मैच के बाद शारजाह वॉरियर्स के कप्तान टिम साउथी ने आईएलटी20 प्रेस विज्ञप्ति के हवाले से कहा, इस तरह के स्कोर का पीछा करना और फर्नांडो की पारी अविश्वसनीय थी। सुबह विमान से उतरना और ऐसा करना विशेष है। फर्नांडो हमारे लिए शानदार था।

कप्तान ने आगे कहा, सुधार करने के लिए बहुत सी चीजें हैं, क्षेत्ररक्षण और गेंद के साथ, जो जीत के बाद हमेशा करना आसान होता है। यह एक अच्छा विकेट था, अगर आपने गेंद के साथ अच्छा प्रदर्शन किया तो यह अच्छा था लेकिन अगर आप



थोड़ा चूक गए, तो यह एक अलग कहानी है। कुछ खिलाड़ी शानदार थे और जब दूसरे खिलाड़ी आकर अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो यह टीम की गहराई को दर्शाता है।

कोच जेपी डुमिनी ने कहा, फील्डिंग हमारे खेल का एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर हम काम कर सकते हैं। हम सामूहिक रूप से फील्डिंग में बड़ा प्रयास करने की कोशिश करते हैं। इसलिए, यह कुछ ऐसा है जिस पर हम काम करना चाहते हैं और फील्डिंग कुछ ऐसा है जिसमें हम निश्चित रूप से बेहतर होना चाहते हैं।

अविष्का फर्नांडो, जिन्होंने 27 गेंदों में 8 छक्के और 6 चौके की मदद से 81 रन बनाए,ने कहा, अपने स्वाभाविक खेल पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं और की पारी के लिए भगवान का शुक्रिया अदा करता हूं। विकेट बल्लेबाजी के लिए अच्छा था, 200 रन का पीछा करते समय विचार सकारात्मक थे, यह स्वाभाविक रूप से हुआ और इसके लिए मैं आभारी हूं। मुझे एहसास नहीं हुआ कि मैंने सबसे तेज 50 रन का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

आईएलटी20 के इतिहास में सबसे तेज 50 रन बनाने वाले अविष्का ने अपने कोच डुमिनी से खूब प्रशंसा अर्जित की। डुमिनी ने कहा, वह कल रात विमान से उतरा और उसके बाद टीम से परिचित हुआ। और जिस तरह से उसने आकर खेला, उसका आत्मविश्वास न केवल उसके चरित्र को दर्शाता है, बल्कि उसकी क्षमता को भी दर्शाता है। और उसे हमारे वातावरण में सहज महसूस कराना कुछ ऐसा है जिसके लिए हम (शारजाह वारियर्स) प्रयास करते हैं, लेकिन यह निश्चित रूप से सबसे खास पारियों में से एक थी जिसे हमने देखा है।

शारजाह वारियर्स को 200 से अधिक के लक्ष्य का पीछा करना था। लेकिन कोच ने समझाया कि टीम की बातचीत चीजों को सरल रखने की दिशा में अधिक थी।

उन्होंने कहा, टीम के साथ बातचीत काफी हल्की-फुल्की रही। हम जानते थे कि यह एक अच्छी पिच है, और हमें बस अपनी क्षमता के अनुसार खेलना था, और मुझे लगता है कि हमने ऐसा किया। इस लाइनअप में इरादे की कभी कमी नहीं होगी, और अब हमें बस निरंतरता खोजने की जरूरत है। शारजाह वारियर्स का अगला मुकाबला रविवार को शारजाह में एमआई एमिरेट्स से होगा।

खानपान

# जानिए बच्चों को फिश खिलाने से क्या होता है फायदा और क्या है नुकसान



हर मां चाहती है उसके बच्चे को हर वो चीज़ मिले जिससे उसकी बेहतर ग्रोथ हो सके. वो सारे पोषक तत्व मिले जिससे बच्चे का ब्रेन शार्प बन सके ताकि वो आगे चलकर इंटेलिजेंट बनें. उसकी बोन्स मज़बूत हो सके ताकि भविष्य में लगने वाली चोटों से वो अंदर से सुरक्षित रहे. लेकिन अक्सर पेरेंट्स के साथ परेशानी आती है कि कौन-सा फूड बच्चों के लिए कितना अच्छा है और उसे किस मात्रा में खिलाना चाहिए. ऐसा ही एक फूड है मछली.

हाई-क्वालिटी प्रोटीन, आइरन और मिनरल्स से भरपूर मछली बच्चों के लिए बहुत फायदेमंद होती है. यह उनके दिल और दिमाग दोनों की सेहत को दुरुस्त करती है. सेलमॉन, एनकॉविज़ और सार्डिनेज़ जैसी मछलियों में भरपूर मात्रा में ओमेगा-3, विटामिन डी और DHA मौजूद होता है. ये गुण बाकि खाद्य पदार्थों से मिल पाना मुश्किल है. वहीं, टूना, कोड, हेलिबट और मैकरेल जैसी मछलियां में भी कई और गुण पाए जाते है.

लेकिन कई मछलियों में मरक्यूरी भी पाई जाती है जो याद रखने की क्षमता को कमज़ोर करती है, नर्व सेल्स को विषैली बनाती है और आंखों को कमज़ोर बनाती है. इससे बचने के लिए बच्चों को सैलमॉन, स्वॉर्डफिश, ऑरेंड रॉफी और टिलापिया जैसी मछलियां खिलाएं, क्योंकि इन मछलियों में मरक्यूरी की मात्रा ना के बराबर होती है. यू.एस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन एंड एनवारमेंटल प्रोटेक्शन एजेंसी के सुझाव के अनुसार दो साल तक के बच्चों को हर हफ्ते 30 से 60 ग्राम तक की मात्रा में मछली खिलानी चाहिए. वहीं, इससे बड़े बच्चों में इसकी मात्रा इसी अनुसार बढ़ानी चाहिए.

### ओमेगा-3 फैट्स

फैटी फिश ओमेगा-3 एसिड का बहुत अच्छा सोर्स होती है. बच्चों की दिमागी शक्ति को तेज़ बनाने के लिए यह बहुत ज़रूरी होता है. इसके अलावा मछली में मौजूद भरपूर मात्रा में आयरन, कैल्शियम, ज़िंक और मैग्निशियम भी बच्चों की बढ़ती उम्र के लिए बहुत फायदेमंद होती है.

### आंखों और दिमाग के लिए

मछली में मौजूद विटामिन ए, डीएचए आंखों और दिमाग को मज़बूत बनाते हैं. यह तीनों चीज़ें नए ब्रेन टिश्यूज़ बनाती हैं और आंखों के रेटिना को नरिश करती हैं. इस वजह से दिमाग तेज़ और आंखों में लंबे समय तक विज़न की परेशानी नहीं होती.

### याददाश्त बढ़ाए

मछली याददाश्त बढ़ाने के साथ-साथ ADHD (अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसॉर्डर) से भी बचाती है. इसके साथ बेहतर नींद भी देता है. जिससे बच्चे सही समय पर सो पाते हैं और दिनभर एक्टिव रहते हैं.

### हड्डियों को बनाए मज़बूत

सैलमॉन मछली में मौजूद कैल्किटोनिन नामक प्रोटीन पाया जाता है जो हड्डियों को मज़बूत बनाती है. यह बच्चों की स्ट्रेंथ को बढ़ाती है और किसी भी जॉइंट की परेशानी से भी बचाती है.

# डैंड्रफ को जड़ से खत्म करने के लिए 5 हेअर मास्क

**सर्दियों की सबसे बड़ी परेशानी है डैंड्रफ. तमाम शैम्पू और तेल लगाने के बाद भी ये सिर में बना रहता है और पूरी विंटर परेशान करता है. कभी कंधों पर तो कभी माथे पर, डैंड्रफ हर जगह शर्मिंदा करता है. ऐसे में ज़रुरी है कि इसके लिए हेयर मास्क लगाया जाए और इससे छुटकारा पाया जाए. यहां आपका 5 हेयर मास्क के बारे में बता रहे हैं जिससे आपका डैंड्रफ छूमंतर हो जाएगा.**



### 1. हिबिस्कस मास्क

5 से 6 हिबिस्कस के फूलों को उबालें. उबलने के बाद इन्हें पीसकर गाढ़ा पेस्ट बनाएं. इस पेस्ट में 3 चम्मच गुनगुने नारियल का तेल मिलाएं. अब इस पेस्ट से धीरे-धीरे स्कैल्प की मसाज करें. दो घंटे बाद सिर को धो लें. इस पेस्ट में भरपूर मात्रा में विटामिन सी और अमिनो एसिड होता है, जिससे डैंड्रफ खत्म हो जाता है और बाल मज़बूत होते हैं.

### 2. मेथी मास्क

आधा कम दही, दो चम्मच मेथी के दाने, दो आंवले और तीन से चार कड़ी पत्ते. इन सबको मिक्स कर रातभर छोड़ दें. सुबह इस मिक्सचर को मिक्सी में पीसे. हल्के हाथों से इसे बालों की जड़ों में लगाएं. दो घंटे बाद गुनगुने पानी से बालों को धो लें.

### 3. ओटमील मास्क

आधाकप ओटमील, तीन चम्मच गुनगुना दूध और एक चम्मच बादाम का तेल. इन्हें मिलाकर पेस्ट बनाएं और स्कैल्प पर सर्कुलर मोशन में लगाएं. एक घंटे बाद बालों को हल्के गुनगुने पानी में धो लें. ये मास्क बालों को नरिश करेगा और डैंड्रफ खत्म कर बालों को बढ़ने में मदद करेगा.

### 4. अंडा मास्क

अंडे के सफेद हिस्से में दो चम्मच ऑलिव ऑयल मिलाएं. इसे अच्छे से फेंटे और स्कैल्प की इससे मसाज करें. 30 मिनट तक बालों में लगाएं और फिर धो लें. इस मास्क से बाल सिल्की बनेंगे और डैंड्रफ हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा.

### 5. लेमन मास्क

एक कप दही में दो चम्मच नींबू का रस और एक चम्मच शहद मिलाएं. इस पेस्ट को अच्छे से चलाकर बालों में लगाएं और एक घंटे के बाद हल्के गुनगुने पानी से धो लें. दही और नींबू डैंड्रफ खत्म करेगा और शहद बालों को मॉइश्चराइज़ करेगा.

# कंप्यूटर की तरह स्मार्टफोन में बनाएं 'रिसायकल बिन'

**कंप्यूटर में अगर गलती से कुछ डिलीट हो जाए तो उसे रिसायकल बिन में जाकर रीस्टोर किया जा सकता है। लेकिन अगर स्मार्टफोन में कुछ डिलीट हो जाए तो उसे रीस्टोर नहीं किया जा सकता है। इस खबर में हम आपको एक ऐसा तरीका बताने जा रहे हैं जिससे आप अपने स्मार्टफोन में कंप्यूटर जैसा रिसायकल बिन बना सकते हैं।**

स्मार्टफोन में रीसायकल बिन बनाने के लिए आपको अपने फोन में डंपस्टर और इएस फाईल एक्सप्लोरर में से कोई भी एक एप डाउनलोड करनी होगी। हम यहां आपको डंपस्टर के काम करने के तरीके के बारे में बताएंगे।

### कैसे करें डंपस्टर का इस्तेमाल?

» सबसे पहले गूगल प्ले स्टोर पर जाकर डंपस्टर को डाउनलोड कर इंस्टॉल करें। इसके बाद आपको एप को ओपन करें। यहां आपको एप का डेमो दिखाया जाएगा। इसे ओके करने के बाद फोन में रिसायकल बिन तैयार हो जाएगी। इसमें आपसे स्टोरेज परमीशन भी मांगी जाएगी, इसे 'ओके' कर दें।

» अब जब भी आपके मोबाइल से कोई फोटो डिलीट होगी वो यहां सेव हो जाएगी। आप इसे यहां से रीस्टोर कर सकते हैं।

» इस एप में टाइम भी सेट किया जा सकता है जिससे ज्यादा दिन होने के बाद भी पुरानी डिलीट हुई फाइल्स को रिकवर किया जा सके। अगर आप चाहें तो इस एप में पासवर्ड भी सेट कर सकते हैं, ताकि डिलीट की हुई फाइल आपके अलावा कोई और न देख सके।

» इसके अलावा अगर आपके गूगल ड्राइव से डाटा डिलीट हो जाता है तो उसे रिकवर करना भी काफी मुश्किल हो जाता है। लेकिन हम आपको इसका भी आसान तरीका बताने जा रहे हैं। आपको बता दें कि जब कभी कोई फाइल या फोल्डर गूगल ड्राइव से डिलीट किया जाता है, तो यह स्थायी रूप से डिलीट नहीं होता। ये फाइल्स सिस्टम के ट्रैश फोल्डर में चली जाती हैं।

» इसके लिए सबसे पहले drive.google.com/drive/trash पर जाएं।

» अब उस फाइल पर राइट क्लिक करें जिसे आप रिकवर करना चाहते हैं।

» रिस्टोर पर क्लिक करें।

खानपान

# हाई ब्लडप्रेशर के मरीजों के लिए खस-खस है फायदेमंद



खस कई मामलों में गुणकरी है। यह शरीर में उर्जा, मसूड़ों से संबंधित परेशानी आदि से मुक्ति दिलाता है। कई जगहों पर इससे कई स्वादिष्ट डिश भी तैयार किया जाता है।

खस में प्रचुर मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो पाचन तंत्र ठीक रहता है। एसिडिटी, गैस, कब्ज, पेट में जलन की समस्या से राहत देता है।

इसमें औषधीय गुण महिलाओं के लिए बहुत लाभदायक है।

यह मुंख से संबंधित रोगों के उपचार में काफी फायदेमंद है।

सके बीच में कैल्शियम, आयरन और कॉपर पाया जाता है, जो आपके दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए जरुरी होते हैं।

हड्डियों को मजबूती देता है और साथ ही हड्डियों में लगने वाले चोट से भी बचाता है।

यह हाई ब्लडप्रेशर के मरीजों के लिए खस बीज युक्त भोजन का सेवन करें फायदेमंद है। स्टडी के अनुसार खस के बीज में ओलेयिक एसिड होता है जो ब्लडप्रेशर नियंत्रित करने में मदद करता है।

# आलू के छिलके फेंकें नहीं, मिलेंगे 5 कमाल के फायदे



लगभग हर घर में सब्जी या अन्य व्यंजनों के लिए आलू का इस्तेमाल होता है, आपके घर में भी होता है। लेकिन अगर आप आलू के छिलकों को इस्तेमाल करने के बजाए फेंक देते हैं, तो अगली बार छिलकों को फेंकने से पहले इसे जरूर पढ़ लीजिए। इन फायदों को जानने के बाद आप आलू के छिलके नहीं फेंकेंगे

1 आलू की सब्जी अगर आप छिलकों के साथ बनाते हैं तो इसका स्वाद तो बढ़ता ही है, आपको अतिरिक्त पोषण भी मिलता है। क्योंकि छिलकों में पोषक तत्व होते हैं।

2 छिलकों के साथ आलू का सेवन आपको फाइबर भी देता है और आपको पाचन संबंधी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता। बल्कि ये पाचन क्रिया को बेहतर बनाते हैं।

3 आलू के छिलकों का सेवन न केवल आपके मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है बल्कि शरीर में आयरन की कमी को भी पूरा करता है और एनीमिया से भी बचाता है। क्योंकि आलू के छिलके आयरन से भरपूर होते हैं।

4 सिर्फ सेहत ही नहीं आलू का छिलका सौंदर्य के लिए भी फायदेमंद है। त्वचा की झुर्रियों और दाग धब्बों से बचने के लिए आलू का छिलका त्वचा पर रगड़ें। कुछ समय तक इसे करें और फिर फर्क खुद ही देखें।

5 बालों को मजबूत बनाने के साथ-साथ आलू का छिलका धूप से झुलसी हुई त्वचा के लिए भी बेहद कारगर उपाय है। इसलिए अबकि बार आलू के छिलके फेंके नहीं, बल्कि उपयोग करें।

# रेड वाइन के फायदों को जानकर दंग रह जाएंगे आप



कुछ लोगों को वाइन पीना बहुत पसंद होता है। हम लोग यह बात भी अच्छी तरह से जानते हैं कि नशीले पदार्थ सेहत के लिए हानिकारक होते हैं लेकिन अगर सही मात्र में किसी चीज का सेवन किया जाए तो वह सेहत के लिए फायदेमंद भी हो सकती है। वैसे तो बाजार में बहुत तरह की वाइन मिलती हैं लेकिन रेड वाइन का सेवन हैल्थ के लिए बहुत लाभकारी होता है। यह मोटापा कम,ब्लड प्रैशर की समस्या से राहत,दिल के रोग के अलावा बहुत सी परेशानियों को कम करती है।रेड वाइन के ये 9 दमदार फायदे आपको कर देंगे हैरान

रेड वाइन सिर्फ सेहत ही नहीं बल्कि स्किन और हेयर के लिए बहुत फायदेमंद है लेकिन जरूरत से ज्यादा इसका सेवन करने से नुकसान भी हो सकता है। रेड वाइन एक तरह का पेय पदार्थ है जो काले अंगूर से बनाया जाता है। इसमें विटामिन बी 6,आयरन, मैग्निशियम के अलावा और भी बहुत से जरूरी तत्व शामिल होते हैं जो स्वास्थय लाभ पहुंचाते हैं। हफ्ते में एक बार सीमित मात्र में इसका सेवन करने से फायदा मिलता है। आइए जानें इसके फायदों के बारे में।

### पाचन शक्ति मजबूत



इसका सेवन करने पाचन शक्ति मजबूत होती है। इससे पेट के बैक्टिरिया खत्म हो जाते हैं और पेट का अल्सर भी कम हो जाता है।

### कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल रेज वाइन

कोलेस्ट्रॉल के रोगियों के लिए रेज वाइन बहुत लाभकारी है। यह बुरे कोलेस्ट्रॉल को कम करके अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाती है। अगर आप रेड वाइन पीने से परहेज करते हैं तो इसकी जगह पर अंगूर का सेवन कर सकते हैं।

### कैंसर की रोकथाम



नियमित मात्र में इसका सेवन करने से बॉडी में कैंसर की कोशिकाएं पनपने की आशंका थोड़ी कम हो जाती है।

### दिल रखें स्वस्थ

दिल रखें स्वस्थरेड वाइन सैचिरेटेड फैट,ब्लड क्लॉटिंग और कोलेस्ट्रॉल की परेशानी को भी कम करती है। जिससे दिल स्वस्थ रहता है।

### डायबिटीज से राहत

डायबिटीज के रोगियों के लिए भी रेड वाइन लाभकारी है। यह खून से रक्त शर्करा के स्तर को कम करती है। जिससे शूगर के रोगी को लाभ मिलता है।

### याददाश्त करें तेज

रेड वाइन पीने से याददाश्त में भी सुधार होता है। यह मस्तिष्क की कार्यप्रणाली में सुधार करती है। जिससे आप चीजों को आसानी से याद रख सकते हैं।



### वजन घटाएं

यह शरीर में मेटाबॉलिज्म का लेवल सही रखता है। रेड वाइन में मौजूद रेस्वेराट्रोल शरीर में वसा कोशिकाओं को बढ़ने से रोकता है। जिससे अतिरिक्त फैट कम हो जाता है।

रेसिपी

## सर्दी में सेहत बनाए गु?-मैथीदाना के लड्डू...



### सामग्री

500 ग्राम मोटा पिसा गेहूं का आटा, 500 ग्राम मैथीदाना, 100 ग्राम खाने वाला गोंद बारीक किया हुआ, एक किलो गु?, 250 ग्राम शकर का बूरा (पिसी शकर), 100 ग्राम पिसी छनी बारीक सोंठ, 1 किलो के करीब शुद्ध घी, 100 ग्राम खसखस, 250 ग्राम बारीक कटा मेवा, 10 ग्राम इलायची पावडर।

### विधि

सबसे पहले मैथीदाने को साफ करके दो दिन पानी बदलकर भिगोएं। ताजे पानी से धोकर बारीक पीस लें। मोटे तले की फ्राईंगपेन में एक बड़ा चम्मच घी डालकर धीमी आंच में भूनें। घी की जरूरत लगने पर थो?ा-थो?ा डालकर चलाते हुए भूनते रहें। ब्राउन होने और खुशबू आने पर उतार लें। आटे को छानकर घी के साथ अलग से इसी तरह भून लें।

गोंद को घी में फुलाकर हल्का-सा कुचल लें। कम गरम घी में सोंठ और खसखस को डालकर निकाल लें। गुड़ को कूटकर या बारीक करके घी के साथ चलाएं। जब गुड़ घी में अच्छी तरह से मिल जाए तो उतार लें। इसमें तैयार की हुई सारी सामग्री, कटे मेवे, इलायची पावडर मिला दें। आधा बूरा भी मिला दें।

घी कम लगे तो इसमें आवश्यकता नुसार गरम घी मिला लें। अब थोड़ा गरम रहते ही बूरे को हथेलियों से रगड़ें और एक साइज के लड्डू बना लें। सर्दी के दिनों में सुबह नाश्ते में यह लड्डू खाने से कमर दर्द, गठिया तथा जोड़ों का दर्द और वात रोग में लाभ मिलता है तथा स्फूर्ति बनी रहती है।

## लाजवाब चटपटा भरवां कुलचा



### सामग्री

1 किलो मैदा, नमक 50 ग्राम, काली मिर्च 20 ग्राम, जीरा 20 ग्राम, धनिया 20 ग्राम, लाल मिर्च 20 ग्राम, अजवायन 20 ग्राम, अनारदाना 20 ग्राम, मैथी 20 ग्राम, गरम मसाला 20 ग्राम, देशी घी 20 ग्राम, दालचीनी 100 ग्राम, लौंग 5 ग्राम, छोटी इलायची 15 ग्राम, आलू 1 किलो, आवश?यकतानुसार पानी।

### विधि

पहले आलू उबाल लें और मैदा व देसी घी छोड़कर सभी सामग्रियां मिला लें। अब मैदे को पानी व नमक मिलाकर गूंथ लें। मैदे को आधा इंच मोटा बेल लें। इसमें देसी घी और सूखा मैदा छिड़क दें। इसे तीन परतों में मोड़कर दोबारा बेलें और मोड़कर गूंथ लें।

गूंथे हुए मैदे को 100 ग्राम की बॉल्स में विभाजित करें। इसमें आलू का मसाला भरकर गोलाकार बेल लें। कुलचे में हल्के छेद कर दें (जिससे फूल न सके)। अब तंदूर पर या ओवन में कम आंच पर पकाएं। गरम-गरम कुलचे बटर या देसी घी के साथ परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 • कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम • फोन : 0361-2960054 (संपादकीय) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, (सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)